▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 123
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

दैनिक

ज़ूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, मंगलवार 17 नवम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611



प्रधानमंत्री मोदी पारंपरिक रूप से सजाए गए ऑटो-रिक्शा में नजर आए

पीएम मोदी 23वें आसियान-भारत और 21वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल

- मनीला एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत, सत्य साईं स्कूल के बच्चों ने पूर्ण कुंभ श्लोक पढ़कर पीएम का किया स्वागत
- गूंजे 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे, लोकनृत्यों व रंगोली बनाकर मोदी का अभिवादन

मनीला में दिखा.... भारत का 'मान'

विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट नीति और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में आसियान के साथ साझेदारी को मजबूत करेगी

एजेंसी ▶▶ मनीला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर फिलीपींस की राजधानी मनीला दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर पहुंचे। मनीला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी और भव्य तरीके से स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री को देखते ही वहां मौजूद लोगों ने 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। इस दौरान बच्चों ने संस्कृत के श्लोक पढ़कर उनका अभिनंदन किया।



पीएम मोदी का मनीला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लोक नृत्यों से स्वागत



यात्रा का महत्व और एजेंडा

यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब भारत और आसियान 2026 को आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष के रूप में मना रहे हैं। 2027 में संवाद संबंधों के 35 वर्ष और व्यापक रणनीतिक साझेदारी के पांच वर्ष पूरे होंगे। आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में आसियान-भारत कार्य योजना 2026-2030 सहित व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

ब्रीफ न्यूज

अमिताभ-अभिषेक को जान से मारने की धमकी

मुंबई। गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों ने अभिनेता अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन को जान से मारने की धमकी दी है।



उसने ऑडियो संदेश जारी कर कहा कि पिता-पुत्र बुलेटप्रूफ केबिन में भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। गोल्डी ने मुंबई में अपने करीब 200 साथियों के सक्रिय होने का दावा भी किया है।

जय शाह फिर चुने गए आईसीसी के चेयरमैन

नई दिल्ली। जय शाह को आईसीसी के चेयरमैन पद पर लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए निर्विरोध चुन लिया गया है।



बाली में हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में उनके नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सर्वसम्मति से मुहर लगी। खेल जगत से जुड़े दिग्गजों ने उन्हें बधाई दी है।

अवैध रेत उत्खनन के विरोध में ट्रैक्टर से कुचला, मौत

सिंगरौली। जिले के बैढ़न कोतवाली थाना क्षेत्र के बिहरा गांव में अवैध रेत उत्खनन का विरोध करने पर ट्रैक्टर से कुचलकर अरुण कोल की मौत हो गई।



परिजनों के अनुसार, अरुण और उसके पिता ने खेत के पास नाले से रेत निकालने का विरोध किया था। इस पर ट्रैक्टर चालक ने रौंद दिया।

जीएसटी से 350 करोड़ का लेनदेन, जांच शुरू

बल्लारी। कर्नाटक के बल्लारी में एक व्यक्ति ने उसके दस्तावेजों का इस्तेमाल कर जीएसटी पंजीकरण कराकर करीब 350 करोड़ रुपए के लेनदेन का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसकी जांच शुरू कर दी गई। बल्लारी निवासी रोशन जमील एक कार शोरूम में 'सर्विस एडवाइजर' के रूप में काम करते हैं। उन्हें कथित लेनदेन के बारे में तब पता चला, जब हाल ही में जीएसटी अधिकारी जांच के सिलसिले में उनके घर पहुंचे।

कांग्रेस के भारत समिट में वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा लगाने वाले इतालवी नेता जियाकोमो फिलिबैक को नई दिल्ली की कड़ी नसीहत

घरेलू राजनीति पर टिप्पणी करने से बचें ई-वीजा पोर्टल के जरिए भारत आने वाले विदेशी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बीते दिनों हैदराबाद में आयोजित किए गए कांग्रेस पार्टी के भारत समिट-2026 में सरकार विरोधी 'वोट चोर गद्दी छोड़' का नारा लगाने वाले इटली के नेता जियाकोमो फिलिबैक को पहले उनके अपने देश की तरफ से जमकर फटकार लगाई गई और अब इस मामले में नई दिल्ली की प्रतिक्रिया भी आ गई है। जिसमें सोमवार को सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा गया कि भारत में विदेशियों को घरेलू राजनीति से दूरी बनाकर रखनी चाहिए यानी उन्हें इसमें किसी भी प्रकार का कोई हस्तक्षेप करने की इजाजत नहीं है। फिर भले ही वो किसी वीजा के तहत देश में आए हों। इन सबके बाद भी अगर कोई विदेशी देश के बारे में किसी तरह की कोई टीका-टिप्पणी या बयानबाजी करते हैं। तो उसे कुछ और नहीं बल्कि वीजा नियमों का सीधा-सीधा उल्लंघन माना जाएगा। सूत्रों ने यह भी बताया कि फिलिबैक ई-वीजा पोर्टल के जरिए आवेदन कर सम्मेलन वीजा के तहत भारत आए थे। अभी फिलहाल उनकी इटली वापसी हो गई है।

इटली से भी सुनने को मिली खरी-खोटी, लोकतंत्र के मामले में भारत को नहीं चाहिए किसी का ज्ञान



पीईएस के महासचिव हैं फिलिबैक

दरअसल, वर्तमान में जियाकोमो फिलिबैक इटली की पार्टी ऑफ यूरोपियन सोशलिस्ट्स (पीईएस) के महासचिव हैं। उनकी राजनीति की शुरुआत युवा संगठनों में भागीदारी के जरिए हुई थी। कांग्रेस के समिट में उन्होंने न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा। बल्कि लोकतंत्र के विषय में भी भारत का अनावश्यक ज्ञानवर्धन करने की कोशिश की थी। जिसमें फिलीबैक ने राहुल गांधी के नेतृत्व में वोट चोरी के मुद्दे को लेकर चलाए गए सरकार विरोधी अभियानों, रामलीला मैदान तक किए गए मार्च का समर्थन करते हुए कहा गया कि भारत में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। जो कि सार्वजनिक रूप से कांग्रेस के पक्ष का समर्थन था। उन्होंने ये भी कहा कि लोकतंत्र की बुनियाद एक वोट, एक व्यक्ति के सिद्धांत पर टिकी हुई है। जिसके लिए एक पारदर्शी और निष्पक्ष मतदाता सूची की आवश्यकता होती है।

विदेशियों को वीजा न देने पर हुआ विवाद

गौरतलब है कि भारत समिट के आयोजन से ठीक पहले भी इस प्रकरण को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच काफी तीखी नोंकझोंक देखने को मिली थी। मुख्य विपक्षी दल के कुछ नेताओं ने सरकार को विदेशी मेहमानों को इस बाबत जानबूझकर वीजा न देने का आरोप लगाया गया था। जिसे सत्ता पक्ष ने दो टूक अंदाज में खारिज कर दिया था। साथ ही यह मामला विदेश मंत्रालय की हालिया हुई एक मीडिया ब्रीफिंग में भी उठा था। जिसमें मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने साफ शब्दों में ये स्पष्ट किया था कि वीजा से जुड़े हुए तमाम मसले किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र के तहत आते हैं।

मित्र राष्ट्र की घरेलू राजनीति में दखल देने से बचना चाहिए

फिलिबैक को इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी की गठबंधन सहयोगी पार्टी फोर्जा इटालिया की नेता डेबोरा बर्गामिनी ने भी सख्त अंदाज में लताड़ लगाते हुए कहा कि उन्हें लोकतंत्र के मामले में भारत को किसी भी तरह का कोई ज्ञान देने की हिमाकत नहीं करनी चाहिए। भारत की जब स्वतंत्र रूप से अपनी न्यायपालिका और लोकतांत्रिक संस्थाएं मौजूद हैं। जो किसी भी विवाद का समाधान निकालने में पूरी तरह से सक्षम हैं। तो ऐसे में फिलिबैक को इटली के किसी मित्र राष्ट्र की घरेलू राजनीति में दखल देने से बचना चाहिए। वहीं, बर्गामिनी की बात करें तो वह इटली की न केवल एक राजनेता हैं। बल्कि अपने दल फोर्जा इटालिया की उप-सचिव भी हैं।

मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर मजबूत अर्थव्यवस्था बना

लेकिन राहुल गांधी को देश की प्रगति और स्थिरता रास नहीं आती: भाटिया

भाजपा ने पूछा: भारत को बदनाम करने वाले समिट पर सरकारी खजाने से कितना पैसा खर्च हुआ?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को राहुल गांधी पर भारत-विरोधी शक्तियों को एकजुट करने और देश की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने सोमवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी ने विदेशी नेता जियाकोमो फिलिबेक द्वारा भारतीय लोकतंत्र और जनादेश पर की गई टिप्पणी का समर्थन किया। उन्होंने 14 नवंबर को हैदराबाद में आयोजित भारत समिट को 'एंटी-भारत समिट' बताते हुए कहा कि कांग्रेस और तेलंगाना सरकार से भारत समिट के आयोजन पर हुए सरकारी खर्च का पूरा ब्योरा देने तथा वक्ताओं के चयन का आधार स्पष्ट करने की मांग की।

भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की स्थिरता, संप्रभुता और लोकतांत्रिक व्यवस्था सर्वोपरि है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी हैं, जो भारत विरोधी शक्तियों को एकजुट करने में लगे हैं। ऐसा कोई मंच नहीं है, जहां वे भारत को बदनाम करने की साजिश न करते हों या अराजकता फैलाकर



देश में अस्थिरता लाने का प्रयास न करते हों। 14 नवंबर 2026 को हैदराबाद में भारत समिट आयोजित किया गया था। इस समिट को यदि राहुल गांधी द्वारा आयोजित 'एंटी-भारत समिट' कहा जाए, तो यह बिल्कुल उपयुक्त होगा। ऐसा इसलिए, क्योंकि जब देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब गुजरात में इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन होता था। भाजपा शासित राज्यों में भी इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित होती हैं। ये ऐसे विशेष मंच होते हैं, जहां विदेशी निवेशक और विचारक आते हैं, निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करते हैं लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस शासित राज्यों में भारत का हित पीछे छूट जाता है। जिस मंच का उद्देश्य भारत और तेलंगाना को मजबूती प्रदान करना होना चाहिए, उसी मंच का इस्तेमाल भारत को कमजोर करने, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति नफरत फैलाने और अराजकता के लिए होता है।

18 नवंबर को भारत और जापान के रक्षा मंत्रियों के बीच संवाद के तहत होगी बातचीत

जापान में होगा टू प्लस टू संवाद, आज से दो दिवसीय दौरे पर राजनाथ सिंह!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र (आईपीआर) में तेजी से बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच ड्रैगन की आंखें गुस्से से लाल हो सकती हैं। जिसका कारण उसके दो प्रमुख प्रतिद्वंदी देशों जैसे भारत और जापान के रक्षा मंत्रियों के मध्य होने वाली एक उच्च-स्तरीय बैठक (संभवतः टू प्लस टू स्तर की बैठक) से जुड़ा हुआ है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस आयोजन में शिरकत करने के लिए



फाइल फोटो

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार से जापान की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे।

दो महीने में होगी दूसरी मुलाकात

मौजूदा साल 2026 में भारत और जापान के रक्षा मंत्रियों की लगातार बीते दो महीनों में होने वाली यह दूसरी मुलाकात होगी। पूर्व में वह पिछले महीने फिलीपींस के सेबू में आयोजित की गई 13 वीं आसियान रक्षा मंत्रियों बैठक से इतर मिले।

राजस्थान में सीजन का पहला कोहरा

जयपुर। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म होने के बाद राजस्थान में सर्दी बढ़ गई है। सोमवार को उत्तरी राजस्थान के जिलों में कोहरा छाया। सुबह-शाम हल्की सर्द हवा चलने से शहरों में न्यूनतम तापमान में 1 से लेकर 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई, जिससे यहां सुबह-शाम अचानक सर्दी तेज हो गई।

जालोर को छोड़कर सोमवार को सभी शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा ठंडी रात फतेहपुर (सीकर) में रही। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो राज्य में अब सर्दी जोर पकड़ेगी। अगले तीन-चार दिन मौसम ड्राई रहेगा। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो सोमवार को बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू के कुछ इलाकों में कोहरा छाया।

शाह द्वारा पुणे में महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी-सीएम अजित पवार की प्रतिमा किया अनावरण

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को पुणे में महाराष्ट्र के पूर्व उप-मुख्यमंत्री अजित पवार की प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार, केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि 'दादा' अजित पवार

कहा, अजित पवार जी के लिए कार्यकर्ता सर्वोपरि थे, उन्होंने निर्भीक होकर एनसीपी के कार्यकर्ताओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया



का अचानक चले जाना महाराष्ट्र, खासकर पुणे, बारामती, पिंपरी-चिंचवड़ क्षेत्र, के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके अचानक निधन से जो खालीपन पैदा हुआ है, उसे किसी एक व्यक्ति द्वारा भरा जाना संभव नहीं है। शाह ने कहा कि दूध सहकारी संघ हो, पैक्स हो, पवार के पास समाधान था।

सीडीएस जनरल एनएस राजा सुब्रमणि का ऐलान

चार साल बाद 25% अग्निवीरों का होगा चयन

छह साल सेवा देने वाले सभी अग्निवीर होंगे नियमित सैनिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अग्निपथ योजना को लेकर चल रहे संशय के बीच चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि अग्निपथ योजना के तहत चार साल की सेवा पूरी करने वाले 25 प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित सैनिक के



राजा सुब्रमणि



फाइल फोटो

शेष 75 प्रतिशत को दो साल का सेवा विस्तार

रूप में चयनित किया जाएगा, जबकि शेष 75 प्रतिशत अग्निवीरों को दो साल का सेवा विस्तार मिलेगा। छह साल की सेवा पूरी करने के बाद इन सभी को सेना में नियमित किया जाएगा।

ऐसे मिलेगा स्थायी सेवा का अवसर

इस तरह अग्निवीरों को चार या छह साल बाद सेना में स्थायी सेवा का अवसर मिलेगा। सीडीएस ने स्पष्ट किया कि इस व्यवस्था को लेकर किसी तरह का भ्रम नहीं होना चाहिए। सीडीएस के अनुसार शुरुआती चार साल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 25 प्रतिशत अग्निवीरों को नियमित सैनिक के रूप में चुना जाएगा।

चांदी लगभग ढाई लाख रुपए सस्ती, कीमत अब 1.79 लाख रुपए प्रति किलो

एक झटके में चांदी 5,000 रुपए गिरी, सोना भी टूटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को बाजार खुलते ही सोने-चांदी कीमतों में एक बार फिर बड़ी गिरावट देखने को मिली। चांदी एक झटके में करीब 5000 रुपए सस्ती हो गई। इस गिरावट के साथ चांदी अपने हाई से लगभग ढाई लाख रुपए सस्ती हो गई। रुपए में तेज उछाल और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ 900 रुपए टूटकर 1,40,000 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई।



पिछले हफ्ते भी खूब सस्ता हुआ सोना

बीते हफ्ते सोने की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। इस दौरान 24 कैरेट सोना 5,950 रुपए प्रति 10 ग्राम तक और 22 कैरेट सोना 5,450 रुप प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने का भाव करीब 4.5 फीसदी टूट गया।

सोने की कीमतों में भी गिरावट जारी

चांदी के साथ सोने की कीमतों में भी नरमी बनी हुई है। सोमवार सुबह 10 बजे एमसीएक्स पर सोना 956 रुपए यानी 0.70 फीसदी गिरकर 1,35,749 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। वहीं, खुदरा बाजार में 16 नवंबर की सुबह दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 1,36,950 रुपए प्रति 10 ग्राम और मुंबई में 1,36,800 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 3,874.42 डॉलर प्रति औंस पर था।

चार लाख रुपए पार हो गई थी चांदी की कीमत

चांदी की कीमत में सोमवार को अचानक आई इस बड़ी गिरावट के बाद अब ये कीमती धातु अपने लाइफ टाइम हाई लेवल से और भी ज्यादा सस्ती हो गई है। बता दें कि जनवरी महीने के आखिरी हफ्ते में चांदी की वायदा कीमत पहली बार 4 लाख रुपए के ऐतिहासिक स्तर के पार निकली थी और 4,20,048 रुपये प्रति किलो का हाई छुआ था। लेकिन, इसके बाद चांदी में गिरावट का ऐसा सिलसिला शुरू हुआ कि अब ये अपने हाई से 2,49,674 रुपए प्रति किलो सस्ती मिल रही है।

बीकानेर की बालिका कबड्डी टीम ने जीता कांस्य, लगातार पांचवीं बार राज्य स्तर पर मिला पदक



ज़ूम न्यूज • बीकानेर

अलवर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक-बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में बीकानेर की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। सेमीफाइनल मुकाबले में बीकानेर की टीम को 5-5 रेड के रोमांचक संघर्ष में महज एक अंक से हार का सामना करना पड़ा। बीकानेर जिला कबड्डी संघ के सचिव जितेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि टीम ने लगातार पांचवीं बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर इतिहास रचा है। इससे पहले टीम एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीत चुकी है। कोच दलीप सिंह राठौड़ व हेतराम जाखड़ तथा टीम मैनेजर मोनिका छरंग के मार्गदर्शन में टीम ने यह उपलब्धि हासिल की। जिला कबड्डी संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

ब्रीफ न्यूज

नागौर में युवक का अपहरण कर लूट, 4 आरोपी गिरफ्तार, 3 निरुद्ध

ज़ूम न्यूज • नागौर

नागौर में दिनदहाड़े युवक को कार से अगवा कर मारपीट करने और नकदी व सोने-चांदी के जेवर लूटने के मामले का पुलिस ने 12 घंटे में खुलासा किया है। सदर थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन नाबालिगों को निरुद्ध किया है। पुलिस ने लूटी गई नकदी, मोबाइल फोन और जेवर बरामद किए हैं। वारदात में इस्तेमाल बिना नंबर की बाइक भी जब्त की गई है। सदर थाना प्रभारी किताब चौधरी के अनुसार, सुखवासी निवासी रामनिवास पुत्र रूपाराम जाट ने 15 नवंबर को रिपोर्ट दी थी। उसने बताया कि 15 नवंबर की सुबह करीब 11 बजे वह बाइक से गांव अलाय जा रहा था। बैकाल धोरे के पास चौराहे पर बिना नंबर की सफेद कार ने उसकी बाइक के आगे आकर रास्ता रोक लिया। कार में सवार छह लोगों ने अपने चेहरे कपड़ों से ढक रखे थे।

जबरन कार में डालकर आधे घंटे तक घुमाया

थानाधिकारी के मुताबिक, बदमाशों ने रामनिवास को जबरदस्ती पकड़कर कार में डाल दिया और कपड़ों से बांध दिया। इसके बाद करीब आधे घंटे तक उसे कार में घुमाते रहे। फिर सुनसान जगह पर ले जाकर नीचे उतारा और सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। बदमाश रामनिवास से सोने की अंगूठी, कानों के सोने के टॉप्स, घड़ी, चांदी की अंगूठी और चांदी का कड़ा लूटकर फरार हो गए। इसके अलावा 16,500 रुपए नकद भी छीन लिए। पीड़ित की रिपोर्ट पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

विदेशी विशेषज्ञों ने की 10 बच्चों के पैरों व टखनों की निशुल्क सर्जरी



ज़ूम न्यूज • जोधपुर

जीत मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पांच दिवसीय शिविर में ऑस्ट्रिया और जर्मनी के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 10 बच्चों की निशुल्क सर्जरी की। इससे बच्चे अब सीधे खड़े होकर चल सकेंगे। इंटरनेशनल सोसायटी फॉर ह्यूमन वेलफेयर एंड रिहैबिलिटेशन और केबीएच के सहयोग से आयोजित शिविर में प्रो. डॉ. अर्नेस्ट ऑर्थनर, डॉ. डिर्क फ्रैंक थमलर और वालट्रॉड ने सेवाएं दीं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रंजना माथुर ने बताया कि 50 बच्चों की स्क्रीनिंग के बाद 10 का चयन किया गया। कुछ बच्चों को कृत्रिम अंग भी लगाए गए। विशेषज्ञों ने जेएमसीएच के डॉक्टरों से नई सर्जिकल तकनीकें साझा कीं।

लोकतंत्र के उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लें, बिना भय और दबाव के करें मतदानः सुराणा

ज़ूम न्यूज • चूरू



पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के चौथे चरण में सरपंच एवं पंच पदों के निर्वाचन को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा और पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने सोमवार को विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने चूरू उपखंड के देपालसर, सहनाली छोटी तथा रतनगढ़ उपखंड के जांदवा, टिडियासर, छाबड़ी खारी, कुसुमदेसर, कनवारी और मालासी सहित विभिन्न गांवों के मतदान केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और मतदाताओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियों का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से संवाद कर अधिकाधिक मतदान की अपील की।

जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता की भागीदारी जरूरी है। मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने मतदाताओं से स्वयं मतदान करने और परिवारजनों, पड़ोसियों व परिचितों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ मतदाता जागरूकता के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने मतदाताओं से बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

कांग्रेस नेता के घर कुक ने ही की चोरी, एमपी से गिरफ्तार किया

ज़ूम न्यूज • जोधपुर

कांग्रेस नेता करणसिंह उचियारड़ा के सेंट्रल स्कीम स्थित मकान में चोरी करने वाला उनका कुक मोहब्बत अमरवंशी ही निकला। एयरपोर्ट थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया। पुलिस ने चोरी का सामान बरामद कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया। उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा। जांच अधिकारी एसआई हरखाराम ने बताया कि आरोपी दो-तीन वर्षों से उचियारड़ा के घर में खाना बनाने का काम करता था। लालच में उसने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। हर्षवर्धन सिंह ने 8 नवंबर को एयरपोर्ट थाने में रिपोर्ट दी थी कि सेंट्रल स्कीम स्थित मकान की अलमारी से एक एमराल्ड रिंग, दो डायमंड रिंग, छह गोल्ड रिंग, एक छोटी डायमंड नथ, एक छोटी डायमंड नोज पिन, एक बेबी गोल्ड रिंग और एक पालकी ब्लू सेट पाउच गायब है। उन्होंने सफाईकर्मी मंजू व आशा की भूमिका पर भी संदेह जताया था।

आरएसएस रामसीन ने जीता फाइनल

रामसीन। रामसीन के विक्रमादित्य खेल मैदान में प्रजापत प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल खेला गया। आरएसएस रामसीन ने रॉयल पुनककला को एक रन से हराकर खिताब जीता। प्रतियोगिता का आयोजन श्रीयादे समाजोत्थान और शिक्षा समिति ने किया था। रॉयल पुनककल्ला ने पहले गेंदबाजी चुनी। आरएसएस रामसीन ने 10 ओवर में 111 रन बनाए। हेमंत प्रजापत ने 39, दिनेश यू ने 22 और दिनेश एच ने 20 रन बनाए।

बाड़मेरः चुनावी सभा में पकड़ा गया महिला सरपंच का तस्कर पति

ज़ूम न्यूज • बाड़मेर

बाड़मेर जिले के हिस्ट्रीशीटर और सरपंच पति कौशलाराम को पुलिस ने बालोतरा जिला के पायलां कलां पंचायत समिति चुनावी सभा से पकड़ा है। आरोपी जालोर जिले में दर्ज एनडीपीएस के एक मामले में पिछले 8 महीने से फरार चल रहा था। उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। बाड़मेर पुलिस ने 10 नवंबर को कौशलाराम की 3.37 करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज की थी। आरोपी की पत्नी बायतु पंचायत समिति के सऊओं की ढाणी ग्राम पंचायत की सरपंच है। बाड़मेर पुलिस ने गिरफ्तार के बाद जालोर की भीममाल पुलिस को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार, जालोर जिले के बिजलिया गांव में बागोड़ा पुलिस ने एक स्कॉर्पियो गाड़ी का पीछा किया था। इस दौरान आरोपी गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने स्कॉर्पियो की तलाशी ली तो उसमें से 47.780 किलो अवैध डोडा-पोस्त बरामद हुआ।

भावी का संग्राम थमा, 7 में से 6 बूथ जीतकर सोवनी दूसरी बार सरपंच, पहले ही राउंड से बना ली बढ़त

ज़ूम न्यूज • बिलाड़ा



बिलाड़ा प्रदेशभर में चर्चा का केंद्र रही भावी ग्राम पंचायत की नई 'गांव की सरकार' का गठन पूरा हो गया है। विवादों, मतपत्र चोरी और बवाल के बाद हुए पुनर्मतदान में सोवनी ने 1755 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज कर दूसरी बार सरपंच बनने का गौरव हासिल किया है। वहीं, मंगलवार को अमराराम सोहू को निर्विरोध उपसरपंच चुन लिया गया। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने और गांव में हालात सामान्य होने के बाद प्रशासन ने यहां तैनात अतिरिक्त पुलिस जाब्ता भी हटा लिया है। पहले ही राउंड में तय हो गई थी जीत की तस्वीरः चुनाव परिणाम के बूथवार और राउंड वार आंकड़े बेहद दिलचस्प हैं।

सात मतदान केंद्रों में से छह पर सोवनी ने बढ़त बनाई। पहले ही राउंड में बूथ संख्या 9 और 10 की मतगणना में सोवनी ने 1344 वोट हासिल किए, जबकि ममता को महज 200 वोट मिले। यहीं से सोवनी ने 1144 मतों की निर्णायक बढ़त बना ली, जिसे ममता अंतिम राउंड तक पाट नहीं सकीं। गौरतलब है कि ममता के समर्थन में पाली सांसद पीपी चौधरी भी प्रचार के लिए घर-घर घूमे थे। इसके बावजूद जनता ने सोवनी देवी को निर्णायक 1755 मतों के बड़े अंतर से हरा दिया। ममता के कुल वोटों से भी बड़ा रहा जीत का अंतरः अंतिम मतगणना में सोवनी को कुल 3458 और ममता को 1703 वोट मिले। सोवनी को ममता के मुकाबले दोगुने से भी अधिक वोट मिले। सबसे रोचक तथ्य यह है कि ममता को कुल जितने वोट (1703) मिले, सोवनी की जीत का अंतर (1755) उससे भी 52 वोट अधिक रहा। केवल बूथ संख्या 12 पर ममता (400 वोट) ने सोवनी (310 वोट) के मुकाबले 90 मतों की बढ़त बनाई। वहीं बूथ संख्या 14 पर कांटे की टक्कर रही, जहां सोवनी को 350 और ममता को 344 वोट मिले और वह महज 6 मतों से आगे रहीं। परिवार के पास नेतृत्व का पुराना अनुभव सोवनी इससे पहले भी भावी की सरपंच रह चुकी हैं और वर्तमान में बिलाड़ा पंचायत समिति की सदस्य भी हैं। उनके पति पूनाराम सोहू भी पूर्व में भावी ग्राम पंचायत के सरपंच रह चुके हैं।

परिवार के इसी राजनीतिक अनुभव और अधिकांश बूथों पर मिले समर्थन ने उनकी जीत की राह आसान की। अमराराम निर्विरोध उपसरपंच, 8 वार्डपंच भी बिना मुकाबले चुने गएः मंगलवार को उपसरपंच पद के लिए एकमात्र नामांकन दाखिल होने पर अमराराम सोहू को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर प्रमाण पत्र व शपथ दिलाई गई। पंचायत के कुल 19 वार्डों में से 8 पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ, जबकि 11 पर रविवार को मतदान हुआ। 30 अक्टूबर को मतदान के दौरान बूथ संख्या 12 से करीब 150 मतपत्र चोरी होने के बाद गांव में तनाव फैल गया था। इसके विरोध में 31 अक्टूबर को छात्र नेता सुनील चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों समर्थकों ने बिलाड़ा थाने का घेराव किया। इस दौरान पत्थरबाजी, लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले छोड़े गए, जिसमें कई पुलिसकर्मी व ग्रामीण घायल हुए थे।

फंदे से लटके मिले युवक-युवती के शवों का 5वें दिन पोस्टमार्टम

ज़ूम न्यूज • बाली

बाली उपखंड के नाना थाना क्षेत्र में गोवर्धनपुरा के निकट गोरी ठाल बराडिया में 12 नवंबर को युवक-युवती के शव पेड़ से फंदे पर लटके मिले थे। दोनों पक्षों के परिजन 5वें दिन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। नाना थाना अधिकारी रतन सिंह देवड़ा की समझाइश के बाद सहमति बनी। इसके बाद पोस्टमार्टम करवाया। दोनों शव परिजन के सुपुर्द किए।

थाना अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान कैलाश कुमार पुत्र शंकर लाल गरासिया निवासी गोवर्धनपुरा और कमली पुत्री जगाराम निवासी पाटरिया के रूप में हुई। कैलाश का शव उसके परिजन को सौंपा। कमली का शव उसके पीहर पक्ष को सौंपा।

पुलिस के मुताबिक, आदिवासी गरासिया समाज की परंपरा प्रथा के अनुसार 5 दिन तक समाज के दोनों पक्षों में बातचीत चली। शवों की दुर्गति न हो, इसलिए पुलिस ने उन्हें चामुंडेरी मोर्चरी में रखवाया।

बाड़मेर की अकाल पीड़ित गौमाताओं की मदद के लिए सरदारशहर में जुटे गौभक्त, बैठक में मौके पर ही आर्थिक सहयोग की घोषणाएं

ज़ूम न्यूज • सरदारशहर



बाड़मेर में अकाल और चारे-पानी के अभाव से संकट का सामना कर रहे गौवंश की मदद के लिए सरदारशहर में गौसेवा की मुहिम शुरू की गई है। बेसहारा गौवंश के लिए चारा-पानी की व्यवस्था करने के उद्देश्य से श्री अग्रसेन भवन में श्री गौशाला समिति के तत्वावधान में सर्वसमाज और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शहरवासियों से आर्थिक सहयोग कर संकटग्रस्त गौवंश की मदद करने की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि गौवत्स श्री राधाकृष्ण जी महाराज ने बाड़मेर में संकट से जूझ रही गौमाताओं के प्राण बचाने के लिए देशभर के गौभक्तों से सहयोग का आह्वान किया है। इसी अपील के तहत सरदारशहर में भी लोगों को गौसेवा के लिए एकजुट किया गया। श्री गौशाला समिति के ट्रस्टी जगदीश प्रसाद जैसनसरिया, मंत्री सुरेंद्र जम्मड़, डॉ. बालकृष्ण कौशिक, शंकरलाल प्रेमाणि, बनवारी जांगिड़ और कन्हैयालाल धूत ने गौवंश की स्थिति पर चिंता जताते हुए समाज के लोगों से आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में गौवंश के लिए चारा और पानी की व्यवस्था करना सामूहिक जिम्मेदारी है। अपील का असर बैठक में भी देखने को मिला। उपस्थित गौभक्तों ने अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार मौके पर ही आर्थिक सहयोग देने की घोषणाएं कीं तथा अभियान में तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया।

बैठक में बाबूलाल जांगिड़, प्रहलाद जैसनसरिया, सुशील जैसनसरिया, मुखराम नथोलिया, अशोक महर्षि, विकास लाखोटिया, सौरभ जैसनसरिया, शिवशंकर भिवानिया, भंवरलाल जैसनसरिया, रवि बायवाला, सूर्यप्रकाश जैसनसरिया, राजीव व्यास, मोहन मोदी, प्रसन्न धूत, पुरुषोत्तम जैसनसरिया, सुरेंद्र जैसनसरिया, हरि भिवानिया, अशोक जैसनसरिया, विनोद उड़सरिया, संजय कंदोई और अनिल गोयल सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन किशन मोयल ने किया तथा संयोजन देवकीनंदन अग्रवाल ने किया। बैठक में गौसेवा को पूरे समाज का सामूहिक दायित्व बताते हुए अधिकाधिक लोगों से अभियान में सहयोग करने की अपील की गई।

आग से झोपड़ी, घरेलू सामान और नकदी जली

ज़ूम न्यूज • सामराऊ

जोधपुर के लालसागर (सामराऊ) गांव में 15 नवंबर की शाम करीब 7:30 बजे एक रहवासी ढाणी के समीप बनी कच्ची झोपड़ी में अचानक आग लग गई। आग से झोपड़ी, घरेलू सामान और अनाज जलकर राख हो गए। हादसे में परिवार की करीब 18 हजार रुपए की नकदी भी जल गई। भवानीसिंह पुत्र नरपतसिंह की खसरा नंबर 1129 में बनी रहवासी ढाणी के समीप कच्चे पड़वे झोपड़े में अज्ञात कारणों से आग लगी। हल्का पटवारी ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। मौका रिपोर्ट में झोपड़ी के 1.10 लाख, घरेलू सामान के 45 हजार और अनाज के 15 हजार रुपए सहित कुल 1.70 लाख रुपए का नुकसान आंका गया।

फैक्ट्री से घर लौट रहे बाइक सवार का एक्सीडेंट, मौत

अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हुआ, मृतक के पांच बेटियां और एक बेटा हैं

ज़ूम न्यूज • पाली

पाली में सड़क हादसे में छह बच्चों के पिता की मौत हो गई। वे रविवार शाम फैक्ट्री से बाइक पर घर लौट रहे थे। इस दौरान जोधपुर रोड घूमटी के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई। इलाज के लिए उन्हें बांगड़ हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बालोतरा निवासी और वर्तमान में पाली शहर के हाउसिंग बोर्ड में रहने वाले अमरसिंह (40) पुत्र मुकुन सिंह रविवार शाम को पूनायता स्थित फैक्ट्री से काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान जोधपुर रोड घूमटी के निकट अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई। आसपास के लोगों की मदद से उन्हें पाली के बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के रिश्तेदार और परिचित भी बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचे।

बांसवाड़ा में जोनल-मजिस्ट्रेट की गाड़ी फूंकी, पोलिंग पार्टी पर हमला: झुंझनूं में मारपीट से पूर्व-सरपंच की मौत, पुत्रवधू चुनाव जीती; सीकर में कांग्रेस MLA की भाभी हारीं



ज़ूम न्यूज • जयपुर/झुंझनूं

राजस्थान में पंचायत चुनाव के आखिरी चरण में सोमवार को 25 जिलों की 3747 ग्राम पंचायतों में वोटिंग हुई और देर रात तक नतीजे आए। मंगलवार को सभी पंचायतों में उप सरपंचों के लिए चुनाव होगा। बांसवाड़ा की छोटी सरवा पंचायत समिति के बावड़ी निनामा पोलिंग बूथ पर सरपंच चुनाव के नतीजे आने के बाद 32 वोट से हारने वाले प्रत्याशी ललित कुमार के समर्थकों ने पोलिंग बूथ पर हमला बोल दिया। उन्होंने जोनल मजिस्ट्रेट की गाड़ी को आग लगा दी। पोलिंग पार्टी पर जानलेवा हमला किया। पथराव-मारपीट में कई कर्मचारियों को चोटें आई हैं।

सीकर के रामगढ़ शेखावाटी पंचायत समिति की रोहल पंचायत के चुनाव में फतेहपुर से कांग्रेस



विधायक हाकम अली की भाभी शबनम को हार का सामना करना पड़ा। यहां रिंकू कंवर 113 वोटों से जीतकर सरपंच बनी है।

झुंझनूं जिले में बबाई पंचायत समिति की विजयनगर ग्राम पंचायत में मतदान के दौरान 2 पक्षों में विवाद हो गया। मारपीट से पूर्व सरपंच लक्ष्मी नारायण सैनी (55) की मौत हो गई, जबकि करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फौजी घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। पुलिस ने 3 लोगों को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार, विजयनगर ग्राम पंचायत में मतदान के दौरान पर्चियां बनाने के लिए लगाए गए बूथ पर 2 पक्षों के बीच विवाद हो गया और मारपीट होने लगी। इस दौरान पूर्व सरपंच लक्ष्मी नारायण सैनी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां से जयपुर रेफर कर दिया। जयपुर ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। मारपीट में करणी सेना जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह फौजी भी घायल हो गए, जिनका खेतड़ी के सरकारी अस्पताल में इलाज किया गया। विजयनगर में लक्ष्मी नारायण सैनी की पुत्रवधू सुमन सैनी सरपंच पद की प्रत्याशी हैं। नई पंचायत बनने के बाद विजयनगर ग्राम पंचायत में पहली बार मतदान हुआ।

धौलपुर जिले की महू गुलावली ग्राम पंचायत में चुनाव के दौरान 2 प्रत्याशियों के समर्थकों में कहासुनी हो गई। इसके बाद लोगों ने पथराव कर दिया और 2 बाइक को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर लोगों को खदेड़ा। इससे पहले रविवार रात को जिले के बरौली गांव में 2 पक्षों में फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद आज सुबह 7 से शाम 4.18 बजे तक इस गांव के बूथ पर एक भी वोट नहीं पड़ा था। शाम 4.19 बजे पहला वोट पड़ा। टोंक जिले की रामनगर-धतुरी ग्राम पंचायत में वोटिंग खत्म होने के बाद मतपेटी से धुआं निकलने की सूचना पर हंगामा हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि बूथ संख्या 126 की मतपेटी से धुआं निकलने लगा।

ब्रीफ न्यूज

रामदेवजी मंदिर में चोरी: दानपेटी का ताला तोड़कर नकदी ले गए चोर



ज़ूम न्यूज • मोदरान

बाबार रामदेव मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया। दानपेटी का ताला तोड़कर नकदी चुरा ली। सूचना के बाद भी पुलिस के मौके पर नहीं पहुंचने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। जब कुछ ग्रामीण दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर परिसर पहुंचे, तो दानपेटी का ताला टूटा हुआ मिला और उसमें रखी नकदी गायब थी। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचते ही चोरी की इस वारदात का खुलासा हुआ। देखते ही देखते मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के उच्चाधिकारियों से तुरंत संज्ञान लेकर इलाके में गश्त बढ़ाने और अज्ञात चोरों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

अजय मांडोली बने श्रीयादे समाजोत्थान एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष



ज़ूम न्यूज • रामसीन

श्रीयादे मंदिर में सोमवार को श्रीयादे समाजोत्थान एवं शिक्षा समिति प्रजापति समाज 24 गांव की बैठक आयोजित हुई। इसमें अजय कुमार मांडोली को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में समाज के संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर चर्चा करते हुए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में हिम्मत प्रजापत रामसीन को उपाध्यक्ष, हकमाराम मूंथला को कोषाध्यक्ष और भगाराम थूर को सचिव नियुक्त किया गया। इसके अलावा अन्य सदस्यों को भी कार्यकारिणी में जिम्मेदारियां सौंपी गईं। नई कार्यकारिणी के गठन पर समाज के लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। पदाधिकारियों ने समाज के विकास, शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक एकता बनाए रखने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में 24 गांवों से समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर प्रसादी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

नाथद्वारा में विहिप की हित चिंतक अभियान बैठक: समाज की रक्षा का संकल्प

ज़ूम न्यूज • राजसमंद

नाथद्वारा में विश्व हिंदू परिषद की जिला स्तरीय हित चिंतक बैठक सुदर्शन गढ़ स्थित राम दरबार बालाजी आश्रम में आयोजित हुई। बैठक में धर्म, देश और समाज की रक्षा के साथ संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत बनाने व हित चिंतक अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने का संकल्प लिया गया।

बैठक में चित्तौड़ प्रांत सहमंत्री सुंदर कटारिया, प्रांत विमर्श प्रमुख निशा शर्मा, राजसमंद विभाग मंत्री राजेश सांवरिया और जिला अध्यक्ष राकेश गोयल मौजूद रहे। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया।

संस्कृति और संस्कारों का संरक्षण

सुंदर कटारिया ने कहा कि हित चिंतक अभियान हिंदू समाज को संगठन से जोड़ने, जागरूकता बढ़ाने तथा धर्म, संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। निशा शर्मा ने सामाजिक जागरूकता और संगठनात्मक कार्यों में महिलाओं की सहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। बैठक में ''हित चिंतक हर द्वार, हिंदू समाज का आधार'' और ''संस्कृति बचेगी तो समाज बचेगा'' संदेशों को आमजन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। जिला प्रचार-प्रसार प्रमुख संजय कुमावत ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल सदस्यता बढ़ाना नहीं, बल्कि समाज में सेवा, संस्कार, संगठन और जागरूकता की भावना मजबूत करना है।

बाड़मेर में टोल स्टाफ ने संचालक और मैनेजर के साथ की मारपीट

शराब के रुपए मांगने का आरोप, कमरे में घुसकर बचाई जान

ज़ूम न्यूज • बाड़मेर



बाड़मेर में टोल कर्मियों ने अपने ही संचालक और मैनेजर के साथ मारपीट कर दी। इसका एक सीसीटीवी भी सामने आया है। मामला बाड़मेर जिले के सदर थाना इलाके हाथीतला टोल प्लाजा 14 नवंबर का है। संचालक ने अगले दिन रविवार को बाड़मेर सदर थाने में रिपोर्ट दी गई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

दरअसल, बाड़मेर जिले से एनएच 68 से हाथीतला टोल है। पहले किसी और फर्म की ओर से संचालित किया जा रहा था। लेकिन 1 नवंबर से नई फर्म टी. सूर्यनारायण रेड्डी कंपनी ने ठेका ले लिया। लेकिन संचालक ने कुछ नए स्टाफ लगाए। लेकिन वहां के स्थानीय स्टाफ को बदला नहीं। संचालक ने सदर थाने में 15 नवंबर को रिपोर्ट दी इसमें बताया- हाथीतला टोल प्लाजा पर कुछ स्थानीय 15-16 लोगों को टोल प्लाजा पर लगा रखा है। यह स्थानीय टोल स्टाफ आए दिन ड्राइवरों से बदसलूकी करते हैं। हमारे कंपनी स्टाफ को परेशान करते हैं। ड्राइवरों से टोल चार्ज का फास्ट टैग नहीं काटकर उनके नकद पैसे लेकर चोरी करते हैं। कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाते है। इस पर हमने 2 स्थानीय स्टाफ को नौकरी से निकाल भी दिया था।

एफआईआर के अनुसार- 14 नवंबर को दोपहर करीब 1 बजे संचालक और मैनेजर टोल पर आए। तब तक एक स्थानीय स्टाफ बलवीर उर्फ बाबु शराब के लिए रुपए की डिमांड करने लगे। स्थानीय स्टॉफ ने धमकाया कि टोल चलाना है तो सैलेरी के साथ शराब व नशे के लिए पैसे देने होंगे। संचालक से रुपए छीनने की कोशिश की गई। इस दौरान मैनेजर की चेहरे और छाती पर मुक्के मारने लगे। 20 ग्राम सोने की चैन तोड़ दी। फिर कमरे में घुसकर जान बचाई। सदर पुलिस ने बताया- रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

आयोगों व बाल कल्याण समितियों में नियुक्तियों पर आचार संहिता का ब्रेक

ज़ूम न्यूज • जोधपुर

राजस्थान के विभिन्न आयोगों और बाल कल्याण समितियों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां एक बार फिर टल गई हैं। पंचायत चुनावों की आदर्श आचार संहिता के कारण सरकार नियुक्ति आदेश जारी नहीं कर सकी। राजस्थान हाईकोर्ट की जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस संदीप शाह की खंडपीठ ने स्वप्रेरणा से दर्ज जनहित याचिका सहित अन्य याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सरकार को नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने के लिए अतिरिक्त समय दे दिया। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2027 के पहले सप्ताह में होगी।

सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता डॉ. प्रवीण खंडेलवाल ने बताया कि खंडपीठ के गत 5 अक्टूबर के पूर्व आदेश की पालना में अभी नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। पंचायत चुनावों के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के कारण नियुक्ति और नीतिगत आदेश जारी करना संभव नहीं है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े संबंधित विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार ने कोर्ट को बताया कि आयोगों और बाल कल्याण समितियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों की नियुक्ति की पत्रावली प्रक्रिया में है और उच्च स्तर पर अनुमोदन के लिए लंबित है। उन्होंने आश्वस्त किया कि आचार संहिता समाप्त होने और प्रक्रिया पूरी होते ही नियुक्ति आदेश जारी कर दिए जाएंगे। सरकार ने इसके लिए अतिरिक्त समय देने का आग्रह किया। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अनिरुद्ध पुरोहित और राजेंद्र कुमार सोनी ने पक्ष रखा। दोनों पक्षों को सुनने के बाद खंडपीठ ने सरकार का अनुरोध स्वीकार कर लिया और नियुक्तियों के लिए समय दे दिया। मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2027 के पहले सप्ताह में होगी।

राजकोट में 17 से 25 नवंबर वेस्ट जोन प्रतियोगिता; राजस्थान की टीम घोषित

ज़ूम न्यूज • बाड़मेर



हॉकी इंडिया की वेस्ट जोन अस्मिता महिला हॉकी जूनियर प्रतियोगिता 17 से 25 नवंबर तक राजकोट में होगी। इसमें राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, दादर एवं नगर हवेली की टीमें खेलेंगी। हॉकी राजस्थान टीम का चयन ट्रायल बाड़मेर में हुआ।

हॉकी राजस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मदनसिंह चूली ने बताया कि वेस्ट जोन अस्मिता लीग में बाड़मेर की 6 खिलाड़ी पहली बार एक साथ राजस्थान टीम में चुनी गई हैं। टीम में राष्ट्रीय खिलाड़ी ममता चौधरी, भावना राठौड़, सुनीता कड़वासरा, लक्ष्मी कंवर, कुसुम कंवर, पूनम कंवर का चयन हुआ है। राजस्थान टीम की कप्तान नर्मदा चुरू को बनाया गया है। उपकप्तान बाड़मेर की ममता चौधरी होंगी। टीम की कोच हितेश कंवर महेचा हैं। मैनेजर मदनसिंह चूली को नियुक्त किया गया है। टीम की घोषणा के बाद हॉकी इंडिया के कार्यकारी सदस्य अरुण कुमार सारस्वत, हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष महिपाल सिंह निंबाड़ा, महासचिव देवेंद्र सिंह शेखावत, हॉकी बाड़मेर के अध्यक्ष तेजदान चारण ने खिलाड़ियों को वेस्ट जोन में मेडल के लिए शुभकामनाएं दी। राजस्थान टीम महात्मा गांधी विद्यालय स्टेशन रोड बाड़मेर के मैदान से रवाना हुई। यहां राजस्थान बास्केटबाल संघ के महासचिव गेमरसिंह सोढ़ा, वरिष्ठ कोच दिलीप सिंह सोढ़ा, अनूपसिंह भाटी, दुर्जनसिंह जालीपा, भगवानाराम चौधरी, पदमसिंह मौजूद रहे।

किसानों से खाद की सरकारी दर से कीमत ज्यादा वसूली, नोटिस जारी

5 दिन में जवाब नहीं देने पर लाइसेंस होगा सस्पेंड

ज़ूम न्यूज • बाड़मेर

बाड़मेर जिले में एक तरफ किसान अकाल की मार झेल रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ उनसे खाद की सरकारी दरों से अधिक कीमत वसूली जा रही है। किसानों की शिकायत पर कृषि विभाग ने चौहटन स्थित राकेश एग्रीकल्चर के रिटेलर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

विभाग ने पांच दिन में दस्तावेजों के साथ स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। आरोप है कि किसानों से यूरिया की सरकारी दर से 84 रुपए और डीएपी की दर से 350 रुपए अधिक वसूले जा रहे हैं। दरअसल, बाड़मेर जिले में इस बार बारिश नहीं होने के कारण किसान पहले से ही अकाल की मार झेल रहे हैं। अब कृषि विभाग से लाइसेंस प्राप्त कुछ रिटेलर खरीफ की फसलों में उपयोग होने वाले यूरिया और डीएपी को सरकारी दरों से अधिक कीमत पर बेच रहे हैं। यूरिया की सरकारी दर 266 रुपए प्रति बैग और डीएपी की सरकारी दर 1,350 रुपए प्रति बैग निर्धारित है। किसानों का आरोप है कि चौहटन में राकेश एग्रीकल्चर नाम से लाइसेंसधारी दुकान संचालित है। यहां यूरिया की सरकारी कीमत 266 रुपए होने के बावजूद किसानों से 350 रुपए वसूले जा रहे हैं। इसी तरह डीएपी की सरकारी दर 1,350 रुपए है, जबकि किसानों से इसके लिए 1,700 रुपए लिए जा रहे हैं। एक किसान ने बताया कि उन्हें खाद की सरकारी दरों की जानकारी नहीं है। जब दुकानदार से अधिक कीमत वसूलने का कारण पूछा जाता है तो वह यह कहकर जवाब देता है कि खाद पीछे से ही महंगी आ रही है।

अध्यक्ष ने छोड़ा पद, इसलिए हो रहे चुनाव, 3894 मतदाता होंगे

हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन; अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू, पहले दिन 2 वकीलों के आवेदन

ज़ूम न्यूज • जोधपुर



राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन में नए अध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर सोमवार से चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन अधिवक्ता अनिल गौड़ और कुलदीप सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन 18 नवंबर तक नामांकन भरे जाएंगे। मतदान की तिथि 27 नवंबर तय की गई है।

चुनाव अधिकारी और महानगर लोक अभियोजक दिनेशकुमार शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025 के चुनाव की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में शामिल 3894 अधिवक्ता ही मतदान के पात्र होंगे। चुनाव को लेकर आचार संहिता भी लागू रहेगी। न्यायालय परिसर में किसी भी प्रत्याशी के समर्थन या विरोध में पोस्टर, होर्डिंग और बैनर लगाने पर रोक रहेगी।

पिछले वर्ष अध्यक्ष चुने गए रणजीत जोशी बाद में बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य बन गए थे। एक पद छोड़ने की अनिवार्यता के चलते उन्होंने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उपाध्यक्ष बुद्धाराम चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में दायित्व निभा रहे हैं। एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष पद रिक्त होने के बाद सर्वसम्मति से मध्यावधि चुनाव कराने का निर्णय लिया था। अब मध्यावधि चुनाव के जरिए एसोसिएशन को नया निर्वाचित अध्यक्ष मिलेगा।

भागीरथ ने राष्ट्रीय पैरा तैराकी में जीता कांस्य



ज़ूम न्यूज • चेराई

जोधपुर जिले के भूकरों की ढाणी निवासी भागीरथ राम ने भोपाल में 12 से 15 नवंबर तक आयोजित 26वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर राजस्थान का गौरव बढ़ाया। खेराज राम के पुत्र भागीरथ ने एस-13 श्रेणी के 100 मीटर बैकस्ट्रोक मुकाबले में यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों ने भाग लिया। टीम मैनेजर संजय आचार्य ने मार्गदर्शन किया, जबकि कोच शेराराम के प्रशिक्षण और नेत्रहीन विकास संस्थान की अध्यक्ष सुशीला बोहरा के प्रोत्साहन का अहम योगदान रहा। राजस्थान पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव हिम्मत सिंह गुर्जर ने भागीरथ को बधाई दी।

धनवाड़ा में सरपंच चुनाव का बहिष्कार, किसी ने नहीं डाला वोट: रानीवाड़ा पंस और सावलावास में जोड़ने का विरोध



ज़ूम न्यूज • भीनमाल

रानीवाड़ा की ग्राम पंचायत धनवाड़ा की पंचायत समिति में बदलाव से नाराज ग्रामीणों ने सरपंच चुनाव का बहिष्कार कर दिया। ग्रामीणों ने धनवाड़ा को रोपसी ग्राम पंचायत और भीनमाल पंचायत समिति में शामिल करने की मांग की। ग्रामीणों ने सावलावास पंचायत और रानीवाड़ा पंचायत समिति में जोड़ने का विरोध किया। इसे लेकर धनवाड़ा में बने पोलिंग बूथ 23 पर एक भी ग्रामीण ने वोट नहीं डाला। यहां कुल 1233 वोट थे। गांव के कुल 1233 मतदाताओं में से एक भी मतदाता मतदान करने नहीं पहुंचा। इसके चलते पोलिंग बूथ संख्या 23 पर धनवाड़ा गांव के शून्य वोट पड़े। ग्रामीणों ने गांव को ग्राम पंचायत सावलावास में जोड़ने तथा पंचायत समिति रानीवाड़ा होने पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि पहले धनवाड़ा गांव रोपसी ग्राम पंचायत में शामिल था, जिसकी पंचायत समिति भीनमाल थी।

महाराष्ट्र के पूर्व शाही मराठा-परिवार सदस्य की जयपुर में शादी

ज़ूम न्यूज • जयपुर

जयपुर में इन दिनों शाही शादियों के साथ सितारों की महफिल भी सज रही है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर के साले और अभिनेत्री सागरिका घाटगे के भाई शिवजीत घाटगे की शादी चौमूं के आर. चंद्रा होटल में सोमवार को हुई। शिवजीत घाटगे महाराष्ट्र के कोल्हापुर के पास स्थित कागल के पूर्व शाही मराठा परिवार के सदस्य हैं। शिवजीत अपनी जीवनसंगिनी पल्लवी के साथ विवाह बंधन में बंधे। शाही समारोह में क्रिकेट और बॉलीवुड की कई जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। शादी के अलग-अलग समारोहों में क्रिकेटर्स की मस्ती, बॉलीवुड अभिनेत्री का ग्लैमरस अंदाज और राजस्थानी परंपराओं का रंग देखने को मिला। अभिनेत्री सागरिका घाटगे भी परिवार के इस खास मौके पर मेहमानों के साथ नजर आईं।

शादी के जश्न में हल्दी और मेहंदी के कार्यक्रमों को भी खास अंदाज में आयोजित किया गया। इन समारोहों में केवल संगीत और डांस ही नहीं, बल्कि मेहमानों के लिए मनोरंजक गतिविधियां भी रखी गईं। इसी दौरान रस्साकशी का मुकाबला आकर्षण का केंद्र बना। इसमें जहीर खान लड़के वालों की टीम की ओर से रस्सी खींचते नजर आए। उनके साथ क्रिकेटर दोस्तों ने भी हिस्सा लिया। शादी में जहीर खान के पुराने क्रिकेटर दोस्त पूर्व तेज गेंदबाज आशीष नेहरा, पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज पार्थिव पटेल और पूर्व क्रिकेटर व भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर समारोह में पहुंचे। सभी क्रिकेटर्स अपने पारंपरिक अंदाज में नजर आए।





शादी की रात होटल परिसर में ही बारात निकाली गई। इस दौरान राजस्थानी परंपरा के अनुसार मेहमानों का पारंपरिक स्वागत और साज-सज्जा देखने को मिली। जहीर खान राजस्थानी पगड़ी बांधे बारात में शामिल हुए। शादी में बॉलीवुड की ओर से अभिनेत्री विद्या मालवड़े की मौजूदगी भी चर्चा में रही। शाहरुख खान की चर्चित फिल्म 'चक दे इंडिया' में हॉकी खिलाड़ी की भूमिका निभाकर पहचान बनाने वाली विद्या, सागरिका घाटगे की सह-कलाकार भी रह चुकी हैं। वे शिवजीत और पल्लवी के विवाह समारोह में परिवार और दोस्तों के साथ खुशियां मनाती दिखाई दीं। विद्या ने शादी के दौरान कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। इनमें वह अजीत अगरकर और पार्थिव पटेल के साथ भी नजर आईं। एक तस्वीर के साथ उन्होंने 'लड़केवाले' लिखकर शादी के माहौल को और दिलचस्प बना दिया। वहीं, सागरिका घाटगे और परिवार की अन्य सदस्यों के साथ उनकी तस्वीरों में आपसी अपनापन भी दिखाई दिया। एक तस्वीर में वह शिवजीत की मां को गले लगाती नजर आईं। शादी के समारोहों में क्रिकेट और फिल्म जगत की हस्तियों के पारंपरिक परिधान भी आकर्षण का केंद्र रहे। विद्या मालवड़े अलग-अलग एथनिक लुक में नजर आईं। एक समारोह में उन्होंने गुलाबी रंग का फ्लोरल प्रिंटेड लहंगा-चोली पहना, जिस पर गोटा-पट्टी का काम था। इसके साथ उन्होंने चोकर नेकलेस और आकर्षक एक्सेसरीज कैरी कीं। वहीं क्रिकेटर्स भी कुर्ते और पारंपरिक परिधानों में नजर आए।

ब्रीफ न्यूज

सैनिक स्वाभिमान फाउंडेशन; वीर नारियों और वीरांगनाओं का सम्मान



ज़ूम न्यूज • जयपुर

सैनिक स्वाभिमान फाउंडेशन के तत्वावधान में विद्याधर नगर स्थित युद्ध विधवा छात्रावास में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि वार्ड 76 मंडल अध्यक्ष उमा शर्मा, पार्षद मंजू दिनेश कावट व गुरुकुल संचालिका नीलम शर्मा ने वीर नारियों व वीरांगनाओं को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। फाउंडेशन ने 100 प्रतिशत पारदर्शिता के साथ शहीद परिवारों के उत्थान का संकल्प दोहराया। आयोजन में आर्मी पायलट गणेश स्वामी, बृज किशोर फौजदार, विद्याधर बुडानिया, फतेह सिंह व हजारीलाल का विशेष सहयोग रहा।

दीवार फांदकर घर में घुसा चोरः सिलेंडर चोरी कर ई-रिक्शा में ले गया



ज़ूम न्यूज • जयपुर

जयपुर के महेश नगर में दिनदहाड़े एक चोर दीवार फांदकर अंदर घुसा। इसके बाद पोर्च में रखा LPG गैस सिलेंडर सिलेंडर चोरी कर ले गया। इससे पहले अपने एक साथी के साथ गली में घूमकर रेकी की थी। चोरी के बाद दोनों ने ई-रिक्शा में सिलेंडर रखा और भाग गए। घर में लगे CCTV में चोर नजर आए है। घटना के वक्त परिवार घर में नहीं था। पुलिस ने बताया- महेश नगर के नरेंद्र नगर निवासी रामकेश मीना (65) परिवार सहित 14 नवंबर की दोपहर बाहर गए थे। पीछे से चोर घर में घुसा और LPG गैस सिलेंडर ले गया। देर शाम वापस लौटने आने पर सिलेंडर नहीं मिला। घर में लगे CCTV फुटेज देखें, तब चोर नजर आया। ई-रिक्शा से आए दोनों बदमाशों ने पहले गली में पैदल घूमकर रेकी की। इसके बाद दीवार पर रखे गमलों को हटाकर एक चोर अंदर घुसा। इसके बाद पोर्च रखा LPG गैस सिलेंडर उठाकर दीवार पर रखा। बाहर निकलते ही ई-रिक्शा में सिलेण्डर रखकर भाग गया।

सीके बिरला हॉस्पिटल्स के डॉ ललित मोदी ने अमेरिका में प्रस्तुत किए जटिल केस



ज़ूम न्यूज • जयपुर

सीके बिरला हॉस्पिटल्स, जयपुर के डायरेक्टर ऑर्थोपेडिक्स एंड रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी डॉ. ललित मोदी ने अमेरिका के पेन मेडिसिन प्रिंसटन में आयोजित संयुक्त अभ्यास सत्र में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने डायरेक्ट एंटीरियर अप्रोच हिप रिप्लेसमेंट के साथ-साथ शॉर्ट स्टे नी रिप्लेसमेंट तकनीक से जुड़े अपने केस भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में भारत से एकमात्र चयन डॉ. ललित मोदी का हुआ।

संयुक्त अभ्यास सत्र में हिप और नी रिप्लेसमेंट की आधुनिक सर्जिकल तकनीकों, उपचार के दौरान आने वाली चुनौतियों और मरीजों की रिकवरी को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की गई। डायरेक्ट एंटीरियर अप्रोच हिप रिप्लेसमेंट एक ऐसी तकनीक है, जिसमें सर्जन कूल्हे के जोड़ तक पहुंचने के लिए जांघ के सामने की ओर से चीरा लगाते हैं। इसमें मांसपेशियों को काटने के बजाय उनके बीच के प्राकृतिक अंतर का उपयोग किया जाता है।

डॉ. ललित ने बताया कि इस तकनीक का उद्देश्य ऑपरेशन के दौरान मांसपेशियों को होने वाली क्षति को कम करना और मरीज को जल्द सामान्य गतिविधियों में लौटने में मदद करना है। कुछ मरीजों में इस पद्धति से ऑपरेशन के बाद जल्दी चलना-फिरना संभव हो सकता है। हालांकि, परिणाम मरीज की शारीरिक स्थिति, बीमारी की गंभीरता और सर्जिकल प्रक्रिया सहित कई कारकों पर निर्भर करते हैं। उन्होंने शॉर्ट स्टे नी रिप्लेसमेंट से जुड़े केस प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य नी रिप्लेसमेंट के बाद मरीज को कम समय तक अस्पताल में रखकर सुरक्षित रूप से जल्दी डिस्चार्ज करना है। इसमें आधुनिक सर्जिकल प्रक्रिया के साथ बेहतर पेन मैनेजमेंट और जल्द मोबिलाइजेशन पर ध्यान दिया जाता है, जिससे उपयुक्त मरीज ऑपरेशन के बाद जल्दी चलना-फिरना शुरू कर सकते हैं और कम समय में घर लौट सकते हैं। हालांकि, अस्पताल में रहने की अवधि मरीज की स्वास्थ्य स्थिति और रिकवरी पर निर्भर करती है। डॉ. ललित ने जानकारी दी कि हिप और नी रिप्लेसमेंट का उपयोग मुख्य रूप से जोड़ों में गंभीर गठिया, जोड़ घिसने या अन्य कारणों से होने वाले असहनीय दर्द और चलने-फिरने में परेशानी की स्थिति में किया जाता है। इसमें क्षतिग्रस्त जोड़ की जगह कृत्रिम जोड़ लगाया जाता है। आधुनिक सर्जिकल तकनीकों का उद्देश्य दर्द कम करने, जोड़ की कार्यक्षमता बेहतर बनाने और मरीज की दैनिक गतिविधियों को आसान करना है।

कार ने बाइक को मारी टक्कर, मायरा भरकर लौट रहे 3 भाई-बहनों की मौत

ज़ूम न्यूज • दूदू

जयपुर जिले में तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो सगी बहनों और चचेरे भाई की मौत हो गई। एक बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। चारों दूदू के मूंगीथला गांव से मायरा भरकर बाइक से घर लौट रहे थे। हादसे की सूचना पर पहुंची दूदू थाना पुलिस ने चारों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने दो बहनों और भाई को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल बहन को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया। हादसा सोमवार शाम करीब 6:45 बजे दूदू-मालपुरा स्टेट हाईवे पर मंगलवाडा और सेवा गांव के बीच में हुआ। पुलिस ने बताया- हादसे में दूदू के खुड़ियाला गांव निवासी देशराज (23) पुत्र श्रीराम जाट, ललिता (19) पुत्री तेजकरण जाट, किस्मत (18) पुत्री तेजकरण जाट की मौत हो गई। वहीं सिलोचना (24) पुत्री तेजकरण जाट घायल है। पुलिस ने तीनों के शव अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाए हैं।





सीमेंट के कट्टों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली घर में घुसी



ज़ूम न्यूज • दूदू

दूदू थाना क्षेत्र के सेवा गांव में सोमवार दोपहर सीमेंट के कट्टों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बेकाबू होकर एक घर में घुस गई। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रैक्टर-ट्रॉली दूदू से सेवा गांव जा रही थी। गांव में ड्राइवक का संतुलन बिगड़ने से ट्रॉली सड़क किनारे स्थित घर में जा घुसी। घर में मौजूद परिवार के सदस्य घबरा गए। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे।

पति-पत्नी का मोबाइल हैक कर खाते से निकाले लाखों रुपए

3 अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्ड से भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन किया

ज़ूम न्यूज • जयपुर

जयपुर के जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। बदमाशों ने एक व्यक्ति का मोबाइल फोन हैक कर उसके और उसकी पत्नी के बैंक खातों से रुपए निकाल लिए। इसके साथ ही तीन अलग-अलग बैंकों के क्रेडिट कार्ड से भी ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर कुल 2.95 लाख रुपए की ठगी कर ली।

पीड़ित प्रताप चंद बिस्वास (45) निवासी सैनी कॉलोनी, सब्जी मंडी, जयसिंहपुरा खोर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 नवंबर को उनके मोबाइल फोन को हैंक कर दिया गया। इसके बाद फोन-पे से जुड़े उनके और उनकी पत्नी के बैंक खातों से रकम निकाल ली गई।

पीड़ित के ICICI बैंक खाते से 15 हजार रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से 95 हजार रुपए निकाले गए। इसके अलावा ICICI बैंक के क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 65 हजार रुपए, HDFC बैंक के क्रेडिट कार्ड से 10 हजार रुपए और बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से 10 हजार रुपए निकाल लिए गए। ICICI क्रेडिट कार्ड से 16 बार 10-10 हजार और एक बार 5 हजार रुपए का ट्रांजेक्शन किया गया।

सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक अतिक्रमण हटाने का आदेशः हाईकोर्ट ने प्रभावित दुकानदारों-स्थानीय निवासियों को पक्षकार बनाने से किया इनकार; अब 7 दिसंबर को अगली सुनवाई

ज़ूम न्यूज • जयपुर

राजस्थान हाईकोर्ट ने न्यू सांगानेर रोड पर सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक दो सप्ताह में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने जेडीए को दो सप्ताह में सभी अतिक्रमण हटाकर पालना रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। अदालत ने कहा कि अगर पालना रिपोर्ट पेश नहीं होती है तो संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होकर अपना स्पष्टीकरण दें। अदालत ने यह आदेश सुरेश चंद रावत व अन्य की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत 7 दिसंबर को मामले की अगली सुनवाई करेगी। जनहित याचिका पर पूर्व में सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जेडीए को 2.4 किलोमीटर दूरी में 100 फीट चौड़ी सड़क सहित स्थानीय विश्वा नगर की 30 फीट चौड़ी रोड पर अतिक्रमण व अवैध पार्किंग दो महीने में हटाने के निर्देश दिए थे।



पिछली सुनवाई के दौरान जेडीए की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अभी तक 210 लोगों को धारा 72 का नोटिस दे दिया है। इसके अलावा कार्रवाई के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। अदालत ने जेडीए का पक्ष सुनने के बाद उसे पक्षकार बनने वाली अर्जी का जवाब देने के लिए कहा।

जनहित याचिका में कहा गया था कि मास्टर प्लान में सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक की सड़क की चौड़ाई 100 फुट है। न्यू सांगानेर रोड पर स्थित विश्वा नगर में 30 फुट सड़क बताई है। लेकिन अतिक्रमण व अवैध पार्किंग के चलते सड़क की चौड़ाई केवल 20 फुट ही रह गई है। वहीं न्यू सांगानेर रोड की सोडाला से गुर्जर की थड़ी वाली सड़क की चौड़ाई अतिक्रमण व अवैध पार्किंग के चलते सिमट गई है। इसलिए मास्टर प्लान के अनुसार सोडाला से गुर्जर की थड़ी तक की सड़क और स्थानीय कॉलोनी की सड़क से अतिक्रमण व अवैध पार्किंग हटवाई जाए।

स्थानीय निवासी बोले- 90 साल से यहीं रह रहे

स्थानीय निवासियों ने हाईकोर्ट में पक्षकार बनने की अर्जी लगाकर कहा कि हमारी पीढ़िया पिछले 90 साल से यहीं रह रही हैं। 100 फीट की सड़क की जद में किसी का दो मंजिला पूरा मकान आ रहा है। किसी के पास केवल एक इंच जमीन बच रही है। इस कार्रवाई से परिवार की रोटी और छत दोनों छिनने की नौबत आ गई है। जेडीए द्वारा मौके पर डिमार्केशन की कार्रवाई का लोगों ने विरोध किया था।

जयपुर डिजाइन फेस्टिवलः डिजाइन से बदलेगी शिक्षा की सोच, कचरे से बनेगा संसाधन

ज़ूम न्यूज • जयपुर

जयपुर डिजाइन फेस्टिवल में डिजाइन के जरिए शिक्षा की सोच बदलने और कचरे को संसाधन के रूप में इस्तेमाल करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। शहर के भविष्य को लेकर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। फेस्टिवल में फिल्ममेकिंग, कलर साइकोलॉजी और क्रिएटिव डिजाइन जैसे विषयों पर कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं।

दरअसल, किसी शहर की पहचान सिर्फ उसकी इमारतों, स्मारकों और ऐतिहासिक विरासत से नहीं होती, बल्कि उसके डिजाइन, जीवनशैली, कला और लोगों की रचनात्मक सोच से भी बनती है। इसी सोच के साथ जयपुर के 300वें स्थापना वर्ष को समर्पित तीन दिवसीय जयपुर डिजाइन फेस्टिवल का सोमवार को जवाहर कला केंद्र में आगाज हुआ। 'रिइमैजिन जयपुर बाय डिजाइन' थीम के साथ शुरू हुए इस फेस्टिवल के पहले दिन डिजाइन को केवल सजावट या खूबसूरती तक सीमित रखने के बजाय शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, शहरी विकास और सामाजिक बदलाव के माध्यम के रूप में देखने पर चर्चा हुई।

यहां एक ओर विशेषज्ञों ने शिक्षा व्यवस्था में डिजाइन की भूमिका और जयपुर को वेस्ट-फ्री शहर बनाने की संभावनाओं पर विचार साझा किए, वहीं दूसरी ओर फिल्ममेकिंग, विजुअल स्टोरीटेलिंग और कलर डिजाइन की कार्यशालाओं में प्रतिभागियों ने रचनात्मकता के नए आयाम सीखे। एसोसिएशन ऑफ डिजाइनर्स ऑफ इंडिया (एडीआई) के जयपुर चैप्टर की ओर से राजस्थान पर्यटन और जवाहर कला केंद्र के सहयोग से आयोजित फेस्टिवल हुआ। इस फेस्टिवल की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुति 'गणेश वंदना : महागणपतिम' से हुई। द प्रियरंग प्रोजेक्ट की इस विशेष फ्यूजन प्रस्तुति में जयपुर की पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक रचनात्मक सोच का संगम देखने को मिला। निर्देशक दीप्ति कोठरी द्वारा कोरियोग्राफ की गई प्रस्तुति में नन्ही कलाकारों परिधि कनोडिया, काव्या शाह और स्वरा कोठारी ने कथक के माध्यम से गणेश वंदना प्रस्तुत की। फेस्टिवल के पहले दिन का महत्वपूर्ण सत्र 'एजुकेशन बाय डिजाइन' रहा। इसमें इस बात पर मंथन हुआ कि डिजाइन आधारित सोच शिक्षा व्यवस्था को किस तरह अधिक व्यावहारिक, रचनात्मक और विद्यार्थी केंद्रित बना सकती है।





चर्चा का संचालन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन की डीन लोलिता दत्ता ने किया। सत्र में बेनेट यूनिवर्सिटी की डीन डॉ. मनीषा मोहन, डिजाइनर एवं शिक्षाविद जिनान के.बी., पूर्व सीबीएसई शिक्षा अधिकारी संदीप सेठी और आईआईटी बॉम्बे के आईडीसी स्कूल ऑफ डिजाइन के प्रोफेसर फनी टेटाली ने विचार रखे। चर्चा में यह बात सामने आई कि बदलते दौर में शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को सूचनाएं और पाठ्यक्रम का ज्ञान देना नहीं होना चाहिए। इसके बजाय उनमें सवाल पूछने, समस्याओं को समझने, नए समाधान तलाशने और अपनी कल्पनाशीलता का इस्तेमाल करने की क्षमता विकसित करना जरूरी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव के बीच मानवीय रचनात्मकता और अनुभव आधारित शिक्षा की अहमियत पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने विद्यार्थियों की रुचियों को पहचानकर उनकी सीखने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने पर जोर दिया।

क्या कचरे से बन सकता है नया मॉडल?

शहर के भविष्य और पर्यावरण संरक्षण को लेकर आयोजित 'सर्कुलर जयपुर' फोरम में एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया गया कि क्या जयपुर को ऐसा शहर बनाया जा सकता है, जहां कचरे को समस्या मानने के बजाय संसाधन के रूप में इस्तेमाल किया जाए। इस चर्चा का संचालन एडीआई जयपुर चैप्टर की अध्यक्ष और जयपुर डिजाइन फेस्टिवल की निदेशक मीनाक्षी सिंह ने किया। इसमें दिलीप बेद, गौरव शोरोय, विवेक अग्रवाल और सुमित घोसे ने अपने विचार साझा किए। सत्र में जीरो वेस्ट मैन्युफैक्चरिंग, स्थानीय संसाधनों के संरक्षण, सामुदायिक स्तर पर कचरा प्रबंधन और अनुपयोगी वस्तुओं को नए उपयोग में लाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही इस बात पर भी जोर दिया गया कि जयपुर की पारंपरिक शिल्पकला, स्थानीय कारीगरों के अनुभव और सदियों से विकसित पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक सस्टेनेबल डिजाइन से जोड़कर शहर के विकास का नया मॉडल तैयार किया जा सकता है। चर्चा का प्रमुख विचार यह रहा कि संसाधनों का उपयोग इस तरह हो कि कचरा कम से कम पैदा हो और इस्तेमाल की जा चुकी वस्तुओं को भी दोबारा उपयोग में लाया जा सके।

अमेरिका में मंदिरों पर हुए हमलों पर भारत ने जताई चिंता कहा-ये हिंदू विरोधी साजिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के इलिनॉय राज्य के ऑरोरा इलाके में एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाकर सामूहिक गोलीबारी करने की कथित साजिश की खबरों पर भारत ने गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस कथित साजिश में हिंदू विरोधी और नस्लीय नफरत से जुड़े पहलुओं के साथ-साथ भारतीय मूल के लोगों के खिलाफ हिंसा की बातें सामने आना बेहद चिंताजनक है।

मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने अमेरिकी कानून प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई पर ध्यान दिया है। इसमें संदिग्ध की गिरफ्तारी और हिरासत के साथ उसके खिलाफ लगाए गए आरोप भी शामिल हैं। रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह घटना अमेरिका में नस्लीय शत्रुता और भारत विरोधी नफरत को लेकर बढ़ती चिंताओं को और गंभीर बनाती है।

ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अधिक सतर्कता, नफरत से प्रेरित हिंसा के प्रति जीरो टॉलरेंस और भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक कार्रवाई की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिकी अधिकारी इस मामले की पूरी तरह जांच करेंगे, जिम्मेदार लोगों को न्याय के दायरे में लाएंगे और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे।

> अमेरिका में भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग

> करीब दो दर्जन से ज्यादा मंदिरों पर हुए हैं हमले, आए दिन होती है तोड़-फोड़

बीते तीन वर्षों में मंदिरों पर हुए 20 से अधिक प्रमुख हमले



अमेरिका के ओहियो स्थित मंदिर पर पथराव में कांच टूट गए थे

अमेरिका में बीते तीन वर्षों (2024 से 2026) के दौरान हिंदू मंदिरों को निशाना बनाने की 20 से अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं में तोड़फोड़, नफरत भरे संदेश लिखने (ग्रैफिटी) और गोलीबारी की कोशिशें शामिल हैं।



साल 2024 में कैलिफोर्निया के हेवर्ड, डबलिन और सैक्रामेंटो तथा न्यूयॉर्क के मेलविल स्थित मंदिरों की दीवारों पर हिंदू-विरोधी नारे लिखे गए और तोड़फोड़ हुई। दिसंबर 2024 में मिनेसोटा के बालाजी मंदिर में घुसकर धमकी दी गई। साल 2025 में मार्च के दौरान कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स और अगस्त में इंडियाना के ग्रीनवुड स्थित मंदिरों को विरूपित किया गया। जून 2025 में यूटा के स्पैनिश फोर्क स्थित इस्कॉन मंदिर पर 20 से 30 राउंड गोलियां चलाई गईं। साल 2026 में भी यह सिलसिला जारी रहा। जनवरी में नॉर्थ कैरोलिना के मंदिर में प्रतिमा क्षतिग्रस्त की गई और अक्टूबर में ओहायो के स्वामीनारायण मंदिर पर ईंटों से हमला हुआ। वहीं, अक्टूबर 2026 में नवरात्रि के दिन इलिनॉय के अरोरा स्थित बालाजी मंदिर में सामूहिक गोलीबारी की बड़ी साजिश पुलिस ने नाकाम की।

सवालः हमले रोकने के लिए अमेरिका ने क्या किया?

अमेरिका में धार्मिक स्थलों और हिंदू मंदिरों पर हो रहे हमलों को रोकने के लिए अमेरिकी संसद और प्रशासन ने विधायी व वित्तीय कदम उठाए हैं। अमेरिकी कांग्रेस में विधेयक पेश किया गया है। इस कानून के तहत मंदिरों और किसी भी पूजा स्थल के 100 फीट के दायरे में श्रद्धालुओं को डराना, धमकाना या रास्ता रोकना संघीय अपराध माना जाएगा। इसके साथ ही, अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग और फेमा ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा के लिए 300 मिलियन डॉलर का अनुदान जारी किया है। इस फंड से पात्र मंदिरों को सीसीटीवी कैमरे, अलार्म सिस्टम, मजबूत दरवाजे और निजी सुरक्षा गार्ड तैनात करने के लिए प्रति स्थान 2 लाख डॉलर तक की मदद देने का दावा किया जा रहा है। इसके अलावा, अमेरिकी सांसदों ने एफबीआई से मंदिरों पर हमलों और गोलीबारी की साजिशों की जांच संघीय घृणा अपराध और घरेलू आतंकवाद के तहत करने की मांग की है। प्रमुख त्योहारों के दौरान स्थानीय पुलिस ने मंदिरों के आसपास गश्त बढ़ा दी है और सुरक्षा प्रोटोकॉल कड़े किए गए हैं।

खबर संक्षेप

26 साल बाद मिला भारतीय पासपोर्ट

अहमदाबाद। गुजरात के राजकोट की 26 वर्षीय डॉली वडालिया को 26 साल के संघर्ष के बाद भारतीय नागरिकता और पासपोर्ट मिल गया है। उनका जन्म 18 फरवरी 2000 को अफ्रीकी देश मोजाम्बिक में हुआ था। महज 18-20 दिन की उम्र में वहां आए भीषण चक्रवात और बाढ़ के कारण उनके भारतीय माता-पिता उन्हें लेकर बिना जन्म पंजीकरण के भारत लौट आए थे। नागरिकता के दस्तावेज नहीं होने से उनके पासपोर्ट के तीन आवेदन खारिज हो गए।



गुरु नानक जयंती पर खुले करतारपुर कॉरिडोरः मान

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुरु नानक देव के 557वें प्रकाश पर्व (24 नवंबर) पर करतारपुर साहिब कॉरिडोर फिर से खोलने की अपील की है। मान ने कहा कि सिख श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए केंद्र सरकार गलियारा खोलने की घोषणा करे। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पंजाब विधानसभा में प्रस्ताव भी पारित किया जा चुका है।



फिलीपींस पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यात्रा से भारत को मिल सकता है कूटनीतिक बूस्ट

चीन से परेशान दक्षिण-पूर्व एशिया बन सकता है भारत के लिए रक्षा निर्यात हब

एजेंसी ▶▶ मनीला

भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फिलीपींस के दौरे पर पहुंचे हैं। उनका दौरा उस वक्त हो रहा है जब फिलीपींस और चीन के बीच का तनाव काफी बढ़ा हुआ है। फिलीपींस के रक्षा मंत्री गिल्बर्ट टीओडोरो ने पिछले महीने मनीला से नई दिल्ली स्थित एक भारतीय थिंक टैंक एमपी-आईडीएसए को संबोधित करते हुए कहा था कि फिलीपींस के लिए सबसे बड़ा खतरा चीन है और वो अकेले चीन का मुकाबला नहीं कर सकता है इसलिए उसे भारत जैसे समान विचारधारा वाले देशों की मदद की जरूरत है। उन्होंने चीन को भारत और फिलीपींस दोनों की सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। फिलीपींस चीनी खतरों को काउंटर करने के लिए भारतीय ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें ऑपरेट करता है। फिलीपींस और चीनी कोस्ट गार्ड्स के बीच आए दिन झड़प होते रहते हैं। फिलीपींस वो देश है जो भारत के साथ अपनी रक्षा साझेदारी को बढ़ाने के लिए कई कदम उठा चुका है। फिलीपींस पुष्टि कर चुका है कि उसने अपने देश की भौगोलिक स्थिति के मुताबिक ब्रह्मोस मिसाइलें बनाने के लिए एक लिस्ट भारतीय अधिकारियों को सौंपी है।

> दक्षिण पूर्व एशिया के ज्यादातर देश चीन की वर्चस्ववादी नीति से परेशान

> उसे भारत जैसे समान विचारधारा वाले देशों की मदद की जरूरत

दक्षिण-पूर्व एशिया में भारत का रक्षा निर्यात



मनीला एयरपोर्ट पर पीएम मोदी से मिले भारतीय

फिलीपींस के अलावा भारत वियतनाम और इंडोनेशिया में भी अपने निर्यात को तेजी से बढ़ा रहा है। ये सभी देश चीन के पड़ोसी हैं और चीन के खतरे का सामना कर रहे हैं। मनी कंट्रोल की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2020 से 2025 के दौरान इन देशों को भारत का रक्षा निर्यात 70.1 प्रतिशत रहा था जो 2014-19 के दौरान सिर्फ 16.5 प्रतिशत थी। इस आंकड़े से पता चलता है कि भारत के लिए फिलीपींस का दौरान कितना महत्वपूर्ण है।

पीएम मोदी सम्मेलन में शामिल होंगे

प्रधानमंत्री मोदी मनीला में 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। भारत और फिलीपींस ने 2026 को आसियान-भारत समृद्धी सहयोग वर्ष मनाने का फैसला किया है। इसके तहत दोनों देश समृद्धी सुरक्षा, क्षेत्रीय स्थिरता और कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए समझौता करेंगे। फिलीपींस भारत के एक्ट ईस्ट पॉलिसी के लिए काफी महत्वपूर्ण है और इन देशों के साथ भारत अपनी दीर्घकालिक रक्षा साझेदारी को बढ़ाने पर ध्यान फोकस कर रहा है। भारत के लिए फिलीपींस, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे देश इंडो-पैसिफिक रणनीति के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। फिलीपींस ब्रह्मोस खरीद चुका है और इन दोनों देशों के साथ ब्रह्मोस सौदा हो गया है।

आसियान शिखर सम्मेलन भारत के लिए महत्वपूर्ण

आसियान देशों को भारत अपने एक्ट ईस्ट पॉलिसी और इंडो-पैसिफिक रणनीति का आधार मानता है। ओआरएफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक आसियन रणनीति की सबसे खास बात ये है ये भारत को बगैर किसी सैन्य गुट में शामिल हुए एक स्वतंत्र और नियम आधारित इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के विचान को बढ़ावा देने का मौका देता है। इसके अलावा आसियान देशों के साथ जुड़ाव भारत को एक साथ जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ भी जुड़ने का एक महत्वपूर्ण मौका देता है जिसके फोकस में दक्षिण चीन सागर रहता है।

भारत और फिलीपींस के बीच रक्षा संबंधी संभावनाएं

फिलीपींस और भारत अब एक मजबूत रणनीतिक साझेदार बन चुके हैं और चीन दोनों ही देशों के लिए खतरा है। इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक अगस्त 2025 में दोनों देशों ने अपने संबंध को रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर अपग्रेड किया था। फिलीपींस ने भारत से ब्रह्मोस मिसाइलें खरीदने के लिए 2022 में 375 मिलियन डॉलर का डील किया था जिनकी डिलीवरी हो चुकी है। फिलीपींस ब्रह्मोस के लिए नये ऑर्डर देने वाला है जो करीब 700-800 मिलियन डॉलर का हो सकता है। नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिलीपींस भारत से आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, एएलएच हेलीकॉप्टर, पनडुब्बियां और नौसैनिक जहाज खरीदने में भी दिलचस्पी दिखा रहा है। फिलीपींस के रक्षा मंत्री गिल्बर्ट टीओडोरो ने दिल्ली डिफेंस डायलॉग के दौरान कहा था कि उनका देश भारत के साथ स्पेस सेक्टर में भी रणनीतिक साझेदारी चाहता है।

जवानों पर 30 राउंड फायर किए थे

सीआरपीएफ पर हमला करने वाले 2 आतंकी ढेर,शव मिला

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

सीआरपीएफ पोस्ट पर तैनात जवानों पर 5 दिन पहले 30 राउंड फायर करने वाले दोनों आतंकियों को सेना ने कुलगाम जिले के लारू मार गिराया। इस हमले में 3 जवान घायल हो गए थे। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर बताया कि मरने वाला आतंकी लश्कर-ए-तैयबा का घाटी में एकमात्र बचा कमांडर लतीफ भट और उसका साथी उमर है। सुरक्षा एजेंसियों ने उमर की लाश बरामद कर ली है, लेकिन लतीफ की बॉडी नहीं मिली है। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में लतीफ के घायल होने और छिपे होने की खबर है। सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना के एक अधिकारी के मुताबिक, आतंकियों की जानकारी मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस और सुरक्षाबलों की जॉइंट टीम ने इलाके में घेराबंदी की थी। तलाशी के दौरान संदिग्ध ठिकाने के पास पहुंचते ही छिपे आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। करीब 3 घंटे चली मुड़भेड़ के बाद इन्हें मार गिराया।



बच्चों को सुरक्षित निकाला

एनकाउंटर के दौरान सेना ने एनकाउंटर साइट के आसपास के स्कूलों से बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। 11 नवंबर को नौपोरा अखरान में आतंकियों के हमले में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हुए थे। इसके बाद से सुरक्षाबल हमलावरों की तलाश में खबर लिखे जाने तक बड़ा अभियान जारी रहा। आतंकी हमले का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें हमलावर 15 सेकेंड के अंदर करीब 30 राउंड फायरिंग करते नजर आ रहे हैं। घायल जवानों की पहचान हेड कॉन्स्टेबल सोमवीर और कॉन्स्टेबल संतानो और राकेश दास के तौर पर हुई है।

सुरक्षाबलों को पहले ही मिल गया था सुराग

सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक (एसडीजी) संदीप खिरवार ने सोमवार को बताया कि कुलगाम जिले में 11 नवंबर को हुए हमले के बाद पूरे जम्मू-कश्मीर में अलर्ट बढ़ा दिया है। स्पेशल डीजी ने बताया कि सीआरपीएफ ने पूरे केंद्र शासित प्रदेश में अलर्ट बढ़ा दिया है, क्योंकि इस हमले में उसके तीन जवान घायल हो गए हैं। अहम बात यह भी है कि सुरक्षाबलों को हमलावरों का सुराग पहले ही मिल गया था। गौरतलब है कि कुलगाम हमले के 24 घंटे के भीतर ही आतंकवादियों ने किश्तवाड़ जिले में दो स्पेशल पुलिस ऑफिसर्स, बाबी चंद और यशपाल कुमार, की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि ये दोनों एक आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन के दौरान सेना के साथ जुड़ने के लिए जा रहे थे।

भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास से पड़ोसी प्रथम को दी गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में हुआ समुद्री अभ्यास

भारत और म्यांमार के बीच आयोजित संयुक्त नौसैनिक अभ्यास आईएमएनईएक्स-26 का 8वां संस्करण 14 नवंबर, 2026 को विशाखापट्टनम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अभ्यास के बंदरगाह और समुद्री, दोनों चरण पूरे किए गए। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच परिचालन सहयोग, सामरिक समन्वय और अंतर-संचालनीयता को मजबूत करना था। समुद्री चरण बंगाल की खाड़ी में आयोजित किया गया, जो इस नौसैनिक अभ्यास का परिचालन संबंधी समापन चरण था। इस दौरान भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस राणा और आईएनएस सुमेधा ने म्यांमार नौसेना के जहाज यूएमएस किंग सिन फ्यू शिन के साथ संयुक्त रूप से विभिन्न सैन्य अभ्यासों में हिस्सा लिया। अभ्यास के बंदरगाह चरण में विषय विशेषज्ञों का आदान-प्रदान (एसएमईई), एक-दूसरे के जहाजों का दौरा, पेशेवर संवाद और खेल संबंधी गतिविधियां आयोजित की गईं। इन गतिविधियों से दोनों देशों की नौसेनाओं के कर्मियों को परिचालन संबंधी ज्ञान और अनुभव साझा करने का अवसर मिला। आपसी समझ और पेशेवर संबंधों को मजबूत करने में भी मदद मिली। समुद्री चरण के दौरान समन्वित समुद्री युद्धाभ्यास और विभिन्न परिचालन गतिविधियां आयोजित की गईं। इनके माध्यम से प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने, सामरिक समन्वय बढ़ाने और अभ्यास में शामिल नौसैनिक इकाइयों के बीच अंतर-चालनीयता को मजबूत करने का अवसर मिला।



'महासागर विजन' पर दिया जोर

चीन की चुनौती से निपटने 10 देशों ने बनाया बड़ा गठबंधन

रणनीतिक सप्लाई चेन मजबूत करने बनेंगे पांच कार्य समूह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया में तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य और चीन की बढ़ती तकनीकी ताकत के बीच अमेरिका ने भारत समेत नौ अन्य देशों के साथ मिलकर एक नया टेक्नोलॉजी गठबंधन तैयार किया है। इस पहल के तहत 10 देशों ने सैन फ्रांसिस्को घोषणा पर हस्ताक्षर किए हैं। इसका उद्देश्य भविष्य की अत्याधुनिक तकनीकों, सुपर इंटेलिजेंस, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और रणनीतिक आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करना है। साथ ही तकनीकी क्षेत्र में किसी एक देश पर निर्भरता कम कर भरोसेमंद साझेदारों के बीच सहयोग बढ़ाना है। इस गठबंधन के तहत पांच कार्य समूह बनाए जाएंगे, जो तकनीकी सुरक्षा, नवाचार और आर्थिक मजबूती के लिए मिलकर काम करेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, 15 नवंबर को सैन फ्रांसिस्को में आयोजित पैक्स सिलिका फाउंडर्स रिट्रीट के दौरान इस घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकी विदेश विभाग के आर्थिक मामलों के अंडर सेक्रेटरी जैकब हेलबर्ग ने किया था। गठबंधन में अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया, इस्त्राइल, जापान, दक्षिण कोरिया, कतर, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात और ब्रिटेन शामिल हैं।



एआई इमेज

इन देशों के बीच सहमति बनी है कि आर्थिक सुरक्षा ही राष्ट्रीय सुरक्षा का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए भविष्य की तकनीकों और उनसे जुड़ी आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित रखना साझा जिम्मेदारी है। सैन फ्रांसिस्को घोषणा में मुख्य रूप से दो श्रेणियों की रणनीतिक संपत्तियों को सुरक्षित रखने की बात कही गई है। पहली श्रेणी में संवेदनशील तकनीकें शामिल हैं। इनमें सॉफ्टवेयर, विशेष सामग्री, उपकरण, पुर्जे, उत्पादन से जुड़ी तकनीकें और विनिर्माण क्षमताएं आती हैं। ऐसी तकनीकों के चोरी होने या गलत हाथों में पहुंचने से विरोधी देशों को सैन्य और खुफिया बढ़त मिल सकती है। इससे आर्थिक दबाव बनाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने का खतरा भी है।

ये जानकारी वायुसेना प्रमुख ने राजधानी में हुए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दी है

फर्क को समझें, साइबर जासूसी का मात्र एक छोटा सा हिस्सा है हनीट्रैपः एसीएम दीक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने सोमवार को तीनों सशस्त्र सेनाओं के कर्मियों से लेकर सरकारी शोध संस्थानों और निजी रक्षा कंपनियों के कर्मचारियों को लेकर अक्सर सामने आने वाले हनीट्रैप के मामलों को लेकर जमीनी स्थिति को स्पष्ट किया है। जिसमें उन्होंने बताया कि ये मामला महज हनीट्रैप तक ही सीमित नहीं है। बल्कि हमें इसे व्यापक रूप से साइबर जासूसी के परिपेक्ष्य में समझना चाहिए। वर्तमान समय में जासूसी के लिए हनीट्रैप के अलावा कई अन्य प्रकार के साइबर जासूसी नेटवर्क का बढ़-चढ़कर प्रयोग किया जाता है। सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को फंसाने से इतर भी कई तरह के प्रलोभन दिए जाते हैं। लेकिन ऐसा कतई नहीं है कि हम इन सभी चीजों से अनभिज्ञ हैं। हमें पूरी जानकारी होने के साथ ही हम ऐसी गतिविधियों के खिलाफ व्यवस्थित ढंग से कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से अपनी कमर कसे हुए हैं। ये जानकारी वायुसेनाप्रमुख ने 16 नवंबर को नई दिल्ली में आयोजित किए गए एक प्रमुख निजी न्यूज एजेंसी के नेशनल सिक्योरिटी समिट 3.0 के दौरान पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी है। जिसमें उनसे खासतौर पर भारतीय रक्षा उद्योग में जासूसी के जरिए गोपनीय जानकारी हासिल करने के खतरे को लेकर एक सवाल पूछा गया था।

यूं बढ़ता साइबर जासूसी का इस्तेमाल

उन्होंने कहा कि सेना, नौसेना और वायुसेना के इंटरनेट सिस्टम या संचार तंत्र पूरी तरह से सार्वजनिक इंटरनेट से दूर रखे गए हैं। इसलिए विदेशी खुफिया एजेंसियां या दुश्मन देशों की एजेंसियां इन सिस्टम का उपयोग करने वाले लोगों को साइबर जासूसी के माध्यम से अपना शिकार बनाने में लगी हुई हैं। जिनसे उन्हें किसी भी तरह से देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी हुई गोपनीय जानकारी मिल सके। कई जगहों पर लोगों को समूह में पैसा कमाने या ऊंचे ब्याज पर ऋण की व्यवस्था जैसे लालच भी दिए जा रहे हैं। निजी क्षेत्र को ऐसे खतरों से बचाने के लिए एयरचीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने कहा कि



फाइल फोटो

एक एजेंसी के जरिए हम उन्हें जागरूक करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन यहां पर बड़ी जिम्मेदारी तो उनकी ही बनती है कि क्या वो हमारे द्वारा दी जा रही सलाह या दिशानिर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करते हैं या नहीं?

तेजस मार्क-1ए की डिलीवरी मार्च-27 तक होगी


उन्होंने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा वायुसेना को की जाने वाली स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान की डिलीवरी में लगातार हो रही देरी से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि वायुसेना को मौजूदा वित्त वर्ष के अंत तक यानी मार्च-2027 तक तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान की पहली स्क्वाड्रन मिल जाएगी। इसे लेकर शुरुआती 1 या 2 विमान जनवरी-2027 में मिलने की संभावना है। इसके अलावा तेजस मार्क-2 भी अगले साल 2027 में ही रोल आउट होने की संभावना है। वायुसेना उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एम्का) के लिए भी कड़ी मशक्कत कर रही है। यहां बता दें कि वायुसेना ने एचएएल के साथ कुल करीब 180 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद के लिए करार किया है। बल की एक स्क्वाड्रन में 16 से 18 विमान होते हैं। जिनमें से 16 पूर्ण रूप से लड़ाकू विमान होते हैं और 2 अन्य प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। एक बार स्क्वाड्रन की पूरी तरह से रणनीतिक तैनाती के बाद प्रशिक्षु विमानों का भी बाकी विमानों के साथ समायोजन कर प्रयोग किया जाने लगता है।

वापस नहीं होगी अग्निपथ योजनाः सीडीएस

कार्यक्रम में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल एनएस राजा सुब्रमणि ने भी शिरकत की। उन्होंने अग्निपथ योजना के माध्यम से तीनों सेनाओं में की जाने वाली जवानों की चार साल की भर्ती को हालिया समय में दिए गए दो वर्ष के सेवा विस्तार को लेकर कहा कि इस मामले को लेकर योजना को केंद्र सरकार द्वारा वापस लिए जाने को लेकर किए जा रहे सभी दावे निराधार हैं और पूरी तरह से गलत हैं। क्योंकि सरकार पहले ही 2022 में ही इस संबंध में बड़ी स्पष्टता के साथ यह बता चुकी है कि वह समय-समय पर अग्निपथ योजना की समीक्षा करेगी। जिसकी मदद से जरूरी बदलाव किए जा सकेंगे। जो लोग इसे लेकर गलत जानकारी के साथ समाज में भ्रम फैला रहे हैं। ये वही लोग हैं जो पहले पूरी अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे थे और आज बदलावों से उन्हें समस्या हो रही है। सीडीएस ने कहा कि मौजूदा 24 महीने के सेवा विस्तार को लेकर किए गए संशोधन के पूर्व में भी सशस्त्र सेनाओं की सिफारिशों और आंतरिक स्तर पर हुए विचार-विमर्श की काफी अहम भूमिका रही है। बदलाव के बाद चार साल बाद 25% अग्निवीरों को सेनाओं में स्थायी नौकरी मिलेगी। जबकि बाकी बचे हुए 75% को छह साल बाद यह मौका प्रदान किया जाएगा।

भारत के लिए जरूरी ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट

कार्यक्रम में नौसेनाप्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने भारत की ग्रेट निकोबार परियोजना के सामरिक महत्व को समझाते हुए कहा कि यह मल्लका जलडमरूमध्य से करीब स्थित है। जिसकी वजह से इसका रणनीतिक महत्व बढ़ जाता है। परियोजना अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों के स्तर पर नई दिल्ली की स्थिति को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने ये भी कहा कि वर्ष 2008 से चीन की हिंद महासागर क्षेत्र में लगातार उपस्थिति बनी हुई है। लेकिन उसकी हर गतिविधि (जहाजों की बढ़ती संख्या) पर हमारी पैनी नजर रहती है। मल्लका जलडमरूमध्य के बारे में उन्होंने बताया कि इस व्यस्ततम वैश्विक जलमार्ग से सालाना लगभग डेढ़ लाख व्यापारिक जहाजों का आवागमन होता है। यह हिंद महासागर, दक्षिण पूर्व एशिया-दक्षिण चीन सागर और प्रशांत महासागर को आपस में जोड़ता है।



रामायण अब चीन, जापान रूस व दक्षिण कोरिया में होगी रिलीज

मुंबई। देशभर में रणबीर कपूर की रामायण की आंधी चल रही है। फिल्म देश के साथ विदेशों में भी अच्छा कलेक्शन कर रही है। वर्ल्डवाइड 1200 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। अब रामयाण के मेकर्स इस फिल्म को रूस और पूर्व एशिया में बड़े स्तर पर रिलीज करने की प्लानिंग कर रहे हैं। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अब नितेश तिवारी की रामायण 2027 के मार्च तक चीन, जापान, दक्षिण कोरिया में रिलीज की जाएगी। बताया जा रहा है कि फिल्म रामायण को चीन में रिलीज करने के लिए पहले ही उनके सेंसर बोर्ड के पास भेज दिया गया है। चीन में कुछ हिंदी फिल्मों को देश से भी ज्यादा अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

लाइफ Style

तमन्ना

जुहू चौपाटी पर छठ पर्व में हुईं शामिल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चार दिवसीय छठ पर्व आज सोमवार को संपन्न हो गया है। मूल रूप से इसे बिहार, झारखंड और पूर्वांचल में मनाया जाता है। दिल्ली, मुंबई से लेकर देश के अलग-अलग हिस्सों में भी लोक-आस्था का यह त्योहार सेलिब्रेट किया जाता है।

रविवार को मुंबई के जुहू चौपाटी में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया भी छठ पूजा में शामिल हुईं। अभिनेत्री तमन्ना भाटिया मुंबई में आयोजित छठ पूजा उत्सव में शिरकत करने पहुंचीं। उन्होंने छठी मइया से अपने जुड़ाव का जिक्र किया और साथ ही फिल्म 'द वन' में इस त्योहार को करीब से समझने के बारे में बताया। बता दें कि फिल्म 'द वन' में छठ पूजा को दिखाया गया है। एक गाने में तमन्ना भाटिया यह महापर्व मनाती नजर आई हैं। तमन्ना भाटिया ने मुंबई में छठ पूजा में शामिल होकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो भी शेयर किया है और लिखा है, 'देवी का आशीर्वाद और आप सबका प्यार, छठी मइया की कृपा बनी रहे। जय छठी मइया'। तमन्ना ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि छठी मइया के साथ उन्हें जो जुड़ाव महसूस हुआ है, उसे वे शब्दों में बयान नहीं कर सकती हैं। इसके अलावा तमन्ना ने बताया कि वे बिहार जाकर इस त्योहार को देखना चाहती थीं। तमन्ना ने कहा, 'मैं अपने शहर मुंबई में इतने सारे लोगों के साथ छठ पूजा मनाकर बहुत खुश हूं। मुझे बहुत प्यार मिला है। इस महापर्व का महत्व हमेशा मेरे साथ रहेगा'।



हॉलीवुड मसाला



द ओडिसी में निभाई मुख्य भूमिका

लॉस एंजिल्स। फिल्म इंडस्ट्री में बनी ऐसी फिल्में हैं, जो कलाकारों के कैरियर का यादगार हिस्सा बन जाती हैं। कुछ फिल्में अपने बड़े बजट और शानदार कहानी के लिए जानी जाती हैं, तो कुछ अपने निर्देशक और कलाकारों की मेहनत के चलते खास बन जाती हैं। ऐसी ही एक फिल्म है क्रिस्टोफर नोलन की 'द ओडिसी', जिसमें हॉलीवुड अभिनेता मैट डेमन मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेता ने अपनी खुशी जाहिर की है। उनका कहना है कि वह अपनी पूरी जिंदगी इस तरह के मौके का इंतजार कर रहे थे।



जेडेन- लैमी 54 साल का फासला और प्यार के चर्चे

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड अभिनेता रैपर-सिंगर जेडेन स्मिथ का नाम खुद से 54 साल बड़ी महिला के साथ जोड़ा गया है। बता दें कि जेडेन दिग्गज हॉलीवुड एक्टर विल स्मिथ के बेटे हैं। जेडेन को लेकर ऐसी अफवाह हैं कि वे 82 वर्षीय मिशेल लैमी को डेट कर रहे हैं। इनकी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हैं, जिनसे इस तरह की अटकलें शुरू हुईं। जेडन स्मिथ 28 वर्ष के हैं। 82 साल की फ्रेंच फैशन एंटरप्रेन्योर मिशेल लैमी के साथ उनका नाम जोड़ा जा रहा है। दोनों की कुछ तस्वीरों ने ऐसी चर्चाओं को हवा दी है, जिनमें दोनों कोजी अंदाज में दिख रहे हैं। कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में तो यह दावा तक किया जा रहा है कि दोनों ने सगाई कर ली है। इस बीच इनके बीच उम्र के बड़े फासले ने ध्यान खींचा है।



समुक में अक्षय के सामने खूंखार राक्षस

मुंबई। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय एक बार फिर दर्शकों के सामने कुछ नया और रोमांचक लेकर आने की तैयारी में हैं। दरअसल, अभिनेता अपनी आने वाली फिल्म 'समुक' को लेकर चर्चा में आ गए हैं। सोमवार को फिल्म का पहला लुक जारी कर दिया गया है, जिसमें अक्षय कुमार एक ऐसे दुश्मन से मुकाबला करते नजर आ रहे हैं, जो इंसान नहीं, बल्कि एक खौफनाक रहस्यमयी जीव है। फिल्म की पहली झलक ने कहानी को लेकर दर्शकों के मन में उत्सुकता बढ़ा दी है। इसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म में जबरदस्त एक्शन, रोमांच और डर का मेल देखने को मिलने वाला है। फिल्म के मेकर्स ने इसके पहले लुक के साथ एक दिलचस्प कैप्शन भी शेयर किया है। इसमें लिखा है, 'दुश्मन इंसान नहीं है, लेकिन लड़ाई इंसानियत के लिए है।



सस्पेंस-थ्रिलर 'प्यादे' का पोस्टर रिलीज...

नई दिल्ली। जिमी शेरगिल जल्द ही सस्पेंस-थ्रिलर फिल्म 'प्यादे' में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने इस अपकमिंग फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया है। इसमें जिमी शेरगिल के अलावा अध्ययन सुमन और प्रनूतन बहल नजर आ रहे हैं। पोस्टर में नजर आ रहा है कि जिमी शेरगिल बैठे हैं। उनके दोनों तरफ पुलिस वाले बैठे हैं। उनके पीछे फिल्म के दूसरे कलाकार बैठे हैं। सबके ऊपर एक हाथ है। हाथ में डोरी बंधी है और वह डोरी सभी कलाकारों से बंधी हुई है। ऐसा लगता है, जैसे सभी कलाकार को कोई अपने इशारे पर चला रहा हो। पोस्टर में सबसे आगे दो प्यादे रखे हैं। पोस्टर में सबसे पीछे दो इमारतें दिखाई गई हैं। एक में आग लगी है। दूसरी सरकारी इमारत लग रही है। 'प्यादे' को शेखर एस. झा ने लिखा और निर्देशित किया है। इसके निर्माता रिंकू सिंह हैं।

टीवी मसाला



ढाई चाल सीरीज में दिखेगा सत्ता और सियासत का खेल

नई दिल्ली। ओटीटीपर जल्द ही एक बार फिर सत्ता और सियासत की बिसात बिछने वाली है। टीजर लॉन्च के बाद अब जियो हॉटस्टार ने अपनी आने वाली स्टूडेंट पॉलिटिकल ड्रामा सीरीज ढाई चाल का हाल ही में ट्रेलर रिलीज कर दिया है। इस ट्रेलर में छात्र रणनीति से लेकर दोस्ती और साजिशों की झलक नजर आई है। 'ढाई चाल' सुनने पर दिमाग में सबसे पहले शतरंज का खेल याद आता है और अब यही खेल ओटीटी पर होने वाला है। हाल ही में ढाई चाल सीरीज का ट्रेलर रिलीज किया गया है। सीरीज के ट्रेलर सत्ता के संघर्ष को दो स्तरों पर सामने लाता है। ट्रेलर में दिखता है कि किस तरह से शिक्षा मंत्री को हटाने के लिए जंग शुरू होती है। वहीं, कैंपस में छात्र नेता मयूर भारद्वाज का सामना अपने पुराने मेंटॉर और युवा नेता राघवेंद्र शर्मा से होता है। कहानी की शुरुआत तब होती है, जब स्कूल के दोस्त मयूर, दुष्यंत और अरुण जयपुर के एक कॉलेज में एडमिशन लेते हैं। कॉलेज के पहले ही दिन हुई एक झड़प मयूर को छात्र राजनीति की दुनिया में खींच लाती है, जहां वह अपने दम पर अपनी पहचान बनाता है। नुक्कड़ नाटकों के जरिए सामाजिक मुद्दों को उठाना और फिर छात्र राजनीति का एक नया रूप इस ट्रेलर में दिखता है और यही कहानी इसमें हमें नजर आई है। आपको बता दें कि ढाई चाल में में गगन अरोड़ा मयूर भारद्वाज, आदिल जफर खान राघवेंद्र शर्मा, अंकित सिवाच, सिकंदर बेनीवाल, राजेश कुमार राजयेश सिंह, पारितोष सैंड श्याम जोशी, अंजलि तारतारी समेत कई सितारे नजर आएंगे।

बिग बॉस में माही ने गंवाई लाइफलाइन

नई दिल्ली। बिग बॉस 20' के 'वीकेंड का वार' में इस हफ्ते कोई एलिमिनेशन नहीं हुआ, लेकिन दर्शकों के सबसे कम वोट मिलने के कारण माही विज को अपनी दो लाइफलाइनों में से एक गंवानी पड़ी। वहीं, सलमान खान ने कनिका मान, काजी तौकीर, लव गिल और स्काउटओपी को फटकार लगाई। बिग बॉस 20' के हालिया 'वीकेंड का वार' में एलिमिनेशन की प्रक्रिया के दौरान एक चौंकाने वाला ट्विस्ट देखने को मिला। इस हफ्ते घर के लगभग सभी सदस्य नॉमिनेटेड थे, इसलिए दर्शक बेसब्री से यह जानने का इंतजार कर रहे थे कि किसका सफर खत्म होगा। एक तरफ, जहां एलिमिनेशन को लेकर मनीष गोयल का नाम चर्चा में था। वहीं, सलमान खान ने शो के दौरान इन अफवाहों पर विराम लगा दिया और बताया कि इस हफ्ते कोई बेघर नहीं होगा। इसके अलावा बॉलीवुड सुपरस्टार ने यह भी बताया कि माही विज की एक लाइफलाइन चली गई है।



रामायण में राजा माली समेत सात किरदार निभा रहे टीवी के खतरनाक खलनायक

नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश जैसे सितारों के साथ कई ऐसे कलाकार भी जुड़े हैं, जिनके काम के बारे में दर्शकों को ज्यादा जानकारी नहीं है। इन्हीं में से एक अभिनेता चेतन हंसराज हैं। फिल्म में वह रावण के नाना राजा माली की भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन उनका योगदान सिर्फ इसी किरदार तक सीमित नहीं है।

नई दिल्ली। अभिनेता ने खुलासा किया है कि उन्होंने फिल्म में कुल सात अलग-अलग किरदारों के लिए काम किया है। इनमें से छह भूमिकाएं उन्होंने मोशन कैप्चर तकनीक के जरिए निभाई हैं। चेतन हंसराज ने यह जानकारी एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में साझा की।

बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि शुरुआत में उन्हें रावण के नाना राजा माली का किरदार मिला था। इस भूमिका की शूटिंग पूरी होने के बाद फिल्म की टीम ने उन्हें छह अन्य किरदारों के लिए भी चुना। इन सभी भूमिकाओं के लिए मोशन कैप्चर तकनीक का इस्तेमाल किया गया। अभिनेता ने बताया कि इन अतिरिक्त किरदारों में रावण के भाइयों में से एक और एक राक्षस की भूमिका भी शामिल है। उन्होंने खास तौर पर खर और दूषण का जिक्र किया, जो फिल्म के अंतिम युद्ध वाले हिस्से में भगवान राम का पीछा करते दिखाई देते हैं। इन दोनों किरदारों के लिए उन्होंने मोशन कैप्चर के साथ फेसियल और परफॉर्मेंस कैप्चर का काम भी किया। फिल्म में चेतन का सबसे प्रमुख किरदार राजा माली है। यह रावण के नाना और कैकेसी के पिता का किरदार है। इस भूमिका के लिए अभिनेता को हर दिन लंबे मेकअप से गुजरना पड़ता था। उन्होंने बताया कि राजा माली का लुक तैयार करने में करीब चार घंटे लगते थे। प्रोस्थेटिक मेकअप के जरिए उनके चेहरे और शरीर को एक राक्षस राजा जैसा रूप दिया जाता था। चेतन ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि मेकअप की प्रक्रिया उनके लिए केवल बाहरी बदलाव नहीं थी, बल्कि इससे उन्हें किरदार के भीतर जाने में मदद मिलती थी। उन्होंने अपनी भूमिका के लिए पहले से तैयारी की थी और राजा माली के बारे में पढ़ने के साथ शारीरिक रूप से भी खुद को तैयार किया था।



व्हाइट शर्ट व ब्लू जींस में दिखा दीपिका का क्लासी अवतार

नई दिल्ली। मां बनने के बाद दीपिका पादुकोण पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आईं। व्हाइट शर्ट और ब्लू जींस में उनका सिंपल अंदाज चर्चा में है। अभिनेत्री जल्द किंग और राका में दिखाई देंगी। बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी शानदार एक्टिंग के साथ-साथ फैशन सेंस के लिए भी जानी जाती हैं। रेड कार्पेट पर उनके ग्लैमरस लुक से लेकर रोजमर्रा के कैजुअल आउटफिट तक, हर अंदाज फैंस का ध्यान खींचता है। हाल ही में अभिनेत्री अपने एक बेहद सिंपल लुक को लेकर चर्चा में आ गईं। मां बनने के बाद उनकी इस सार्वजनिक मौजूदगी ने फैंस का ध्यान खींचा। इस दौरान दीपिका ने किसी डिजाइनर आउटफिट या भारी-भरकम स्टाइलिंग के बजाय सफेद शर्ट और नीली जींस को चुना। दीपिका पादुकोण का यह लुक उन लोगों के लिए खास है, जो फैशन में सादगी को पसंद करते हैं। अभिनेत्री ने सफेद शर्ट के साथ ब्लू डेनिम पहनी। उन्होंने अपने आउटफिट को ज्यादा एक्सेसरीज या तामझाम से सजाने के बजाय सहज और सिंपल रखा। आमतौर पर अपने स्टाइलिश और प्रयोगधर्मी फैशन विकल्पों से सुर्खियां बटोरने वाली दीपिका इस बार बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आईं। व्हाइट शर्ट और ब्लू जींस का कॉम्बिनेशन फैशन की दुनिया में कभी पुराना नहीं होता। दीपिका ने भी इसी क्लासिक स्टाइल को अपनाया।



एक्शन-थ्रिलर से लेकर रोमांस तक मनोरंजन का लगेगा तड़का

इस सप्ताह ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। सिनेमाघरों में फिल्म 'रामायण' कमाल कर रही है। देश ही नहीं, दुनियाभर में यह कमाल दिखा रही है। वहीं, ओटीटी पर भी बीते हफ्ते फेस्टिव वीक में कई अच्छी फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। अब तीसरे वीक में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर क्या-क्या खास होगा? जानिए।

डिंढोरा सीजन 2

भुवन बाम और संजीदा शेख की अदाकारी से सजी सीरीज 'ढिंढोरा' का दूसरा सीजन 20 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाला है। इसमें टिटू मामा परेशानी में फंसते हुए नजर आने वाले हैं। वहीं, संजीदा शेख ने उनकी पत्नी का रोल किया है।

तीन तिगाड़ा

यह रोमांटिक ड्रामा वेब सीरीज भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। इसे दर्शक 20 नवंबर से जी5 पर देख सकेंगे। राजीव राज निर्देशित इस सीरीज में प्रसन्ना बिष्ट, दानिश रजवी और अदिति सारंगधर जैसे सितारे हैं।



मिस्टर एंड मिसेज ऑफिस

यह रोमांटिक कॉमेडी सीरीज है। इसका निर्देशन अब्दुल कबीज ने किया है। यह 18 नवंबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह एक वर्कप्लेस कॉमेडी और रोमांटिक सीरीज है। इसकी कहानी एक ऐसे शादीशुदा जोड़े पर आधारित है, जो घर पर पति-पत्नी हैं, लेकिन ऑफिस में अजनबी बनकर काम करते हैं। दोनों अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में संतुलन बनाने की कोशिश करते हैं।

क्वीन

यह पॉलिटिकल ड्रामा शो है। इसे मंगेश कंठाले ने बनाया है। उन्होंने ही निर्देशन किया है। सीरीज में शगुन शर्मा, कर्तव्य यादव, जाकिर हुसैन और श्रुती सेठ अहम भूमिकाओं में हैं। इसे दर्शक 16 नवंबर से जियो हॉटस्टार पर देख रहे हैं। यह सीरीज एक ताकतवर राजनीतिक परिवार, धोखे और सत्ता के खेल के खिलाफ एक महिला के संघर्ष पर आधारित है।

मैडेन

अगर स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में आपकी दिलचस्पी है तो यह आपके लिए है। 'मैडेन' एक बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है। इसकी कहानी मशहूर अमेरिकी फुटबॉल कोच और कमेंटेटर जॉन मैडेन के जीवन पर आधारित है। दर्शक इसे 18 नवंबर से प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

दे विल किल यू

यह एक एक्शन-हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जो 27 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब यह ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। किरिल सोकोलोव निर्देशित 'दे विल किल यू' को आप 20 नवंबर से प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। इसमें जाजी बीट्ज, पेट्रीसिया आर्क्वेट, टॉम फेल्टन और हीथर ग्राहम अहम भूमिकाओं में हैं।



मीरा ने नहीं गंवाया कोई सेट, बनीं 11वीं खिलाड़ी

मीरा बिना कोई सेट गंवाए डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीतने वाली 11वीं खिलाड़ी बन गईं। उनसे पहले क्रिस एवर्ट, मार्टिना नवरातिलोवा और सेरेना विलियम्स सहित कई दिग्गज खिलाड़ी यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। इन तीनों ने यह कारनामा एक से अधिक बार किया था। एंड्रीवा ने कहा, खिलाड़ियों के इस खास समूह का हिस्सा बनना बहुत शानदार लग रहा है। मैं अपनी टीम की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे अपनी पूरी क्षमता तक पहुँचने के लिए प्रेरित किया। मेरे लिए लड़ने और मुझे वह सब कुछ करने के लिए मजबूर करने के लिए धन्यवाद, जो मेरे लिए जरूरी था।

डब्ल्यूटीए फाइनल्स : आंद्रीवा ने 32 वर्षीय स्वितोलिना को 7-5, 6-3 से हराया

19 साल की मीरा ने जीता खिताब, बनीं नंबर-2

एजेंसी ▸▸ इंडियन वेल्स

मीरा आंद्रीवा ने एलिना स्वितोलिना को हराकर बिना एक भी सेट गंवाए डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीतकर साल का शानदार अंत किया, जिसमें उन्होंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता और विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान तक पहुंचीं। रूस की 19 वर्षीय मीरा ने यूक्रेन की 32 वर्षीय स्वितोलिना को 7-5, 6-3 से हराकर सत्र के आखिरी टूर्नामेंट में अपने सभी पांच मुकाबले जीते। इस प्रदर्शन से उन्होंने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग हासिल की। उनसे आगे केवल कजाखस्तान की एलेना रिबाकिना हैं।

मीरा को गिफ्ट में मिली 'मर्सिडीज-बेंज कन्वर्टिबल'

मीरा को इस खिताबी जीत के लिए 33 लाख 70 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि और विशेष रूप से तैयार की गई 'अल्ट्रावायलेट पर्पल' रंग की 'मर्सिडीज-बेंज कन्वर्टिबल' कार मिली। कार को इंडियन वेल्स टेनिस गार्डन के कोर्ट पर लाए जाने के बाद मीरा खुशी-खुशी ड्राइविंग सीट पर बैठीं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए जल्द से जल्द ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करने की शानदार प्रेरणा है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो मेरी टीम में पांच लोग हैं। मैं हमेशा उनकी गाड़ी में बैठकर सफर करने वाली राजकुमारी भी बनी रह सकती हूं। यह भी एक विकल्प है।'

सिनियाकोवा-टाउनसेंड की जोड़ी बनीं चैंपियन



कैटरीना सिनियाकोवा और टेलर टाउनसेंड की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सारा एरानी और जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में 6-4, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ दोनों खिलाड़ियों ने टीम के रूप में अपना पहला डब्ल्यूटीए फाइनल्स डबल्स खिताब जीता। यह टाउनसेंड का पहला और सिनियाकोवा का दूसरा डब्ल्यूटीए फाइनल्स खिताब था। सिनियाकोवा ने इससे पहले 2021 में बारबोरा क्रेजकोवा के साथ यह चैंपियनशिप जीती थी। एक टीम के रूप में सिनियाकोवा और टाउनसेंड का यह लगातार तीसरा डब्ल्यूटीए फाइनल्स था। वह 2024 में उपविजेता रहीं और पिछले साल सेमीफाइनल तक पहुंची थीं।

जोड़ी ने जोड़ ली छठी ट्रॉफी

इस सीजन में रोलैंड गैरोस (फ्रेंच ओपन), यूएस ओपन, मैड्रिड, मियामी और इंडियन वेल्स में एक साथ खिताब जीतने के बाद सिनियाकोवा और टाउनसेंड ने अपने कलेक्शन में एक और (छठी) ट्रॉफी जोड़ ली है। एक टीम के रूप में यह उनका कुल 9वां खिताब है। इसके साथ ही सिनियाकोवा के नाम अब 40वां और टाउनसेंड के नाम 18वां टूर-लेवल डबल्स खिताब हो गया है।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

मुंबई की गुजरात पर आसान जीत सूर्यकुमार ने खेली आक्रामक पारी

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

टी20 विश्व कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 29 गेंद में 82 रन की तूफानी पारी खेली और उनकी लगातार दूसरी अर्धशतकीय पारी की बदौलत मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मुकाबले में गुजरात पर 5 विकेट से जीत दर्ज की। गुजरात ने आशुतोष शर्मा (22 गेंद में 42 रन) और विशाल जायसवाल (21 गेंद में 38 रन) की आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत 20 ओवर में 197 रन बनाए। पर कप्तान सूर्यकुमार की 7 छक्के और 9 चौके जड़ित पारी की मदद से मुंबई ने 198 रन का लक्ष्य 15.4 ओवर में ही हासिल कर लिया। सरफराज खान ने 17 गेंद में नाबाद 40 रन का योगदान दिया।

सूर्यकुमार टीम इंडिया को अपनी अगुआई में लगातार दूसरी बार विश्व कप ट्रॉफी दिलाने के बाद टीम में अपनी जगह गंवा बैठे थे। उन्होंने टूर्नामेंट के 14 नवंबर को खेले गए पहले मैच में हैदराबाद के खिलाफ 21 गेंद में 60 रन बनाए थे। मुंबई की ओर से शार्दुल ठाकुर और अथर्व अंकोलेकर ने तीन-तीन विकेट लेकर प्रभावित किया।



उत्तराखंड ने गोवा को 5 विकेट से दी मात

ग्रुप डी के एक अन्य मुकाबले में उत्तराखंड ने गोवा को पांच विकेट से हराया। सलामी बल्लेबाज अभिनव तेजराना ने 36 गेंद में 76 रन की तूफानी पारी खेली, लेकिन इसके बावजूद गोवा की टीम 19.4 ओवर में 168 रन पर सिमट गई। उत्तराखंड ने 18.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आरव महाजन ने 38 गेंद में नाबाद 60 रन बनाए। तेजस्वी जायसवाल ने शीर्ष क्रम में 20 गेंद में 46 रन का योगदान दिया।

विदर्भ की लगातार दूसरी जीत

कोलकाता के जादवपुर विश्वविद्यालय मैदान पर विदर्भ ने ओडिशा को आठ विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। नचिकेत भूटे ने चार विकेट लेकर ओडिशा को 20 ओवर में आठ विकेट पर 161 रन पर रोक दिया। ओडिशा की ओर से सलामी बल्लेबाज गौरव चौधरी ने 28 गेंद में सर्वाधिक 53 रन बनाए। विदर्भ के सलामी बल्लेबाज अथर्व तायडे (48 गेंद में 74 रन) और दानिश मलेवार (42 गेंद में नाबाद 67 रन) ने 80 गेंद में 125 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को आसान जीत दिलाई।

खबर संक्षेप



सैफ चैंपियनशिपः दसवें खिताब पर भारत की नजरें

ढाका। गत चैंपियन भारतीय फुटबॉल टीम को सैफ (दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ) चैंपियनशिप में अपने 10वें और लगातार तीसरी बार चैंपियन बनने के लिए मंगलवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान की चुनौती से पार पाना होगा। पाकिस्तान की टीम ग्रुप चरण के शुरुआती मुकाबले में भारत के हार के बाद से शानदार लय में है और पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। ग्रुप चरण के कड़े मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान पर 3-2 से जीत दर्ज की थी।

'पीपल्स चॉइस' पुरस्कारः भारतीय निशानेबाज आगे



नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाज आईएसएसएफ के 2026 के 'एथलीट ऑफ द ईयर पीपल्स चॉइस' पुरस्कारों की दौड़ में सबसे आगे हैं, जिनकी घोषणा इस महीने के अंत में होगी। भारत के निशानेबाज पुरुष और महिला, दोनों वर्गों में बढ़त बनाए हुए हैं। महिला वर्ग के 5 नामांकित खिलाड़ियों में 4 भारतीय शामिल हैं, जिसमें पिस्टल निशानेबाज ईशा सिंह और राइफल निशानेबाज इलावेनिल वलारिवान, तिलोत्तमा सेन तथा साक्षी पाडेकर शामिल हैं। मतदान 9 नवंबर को शुरू हुआ था और 18 नवंबर को समाप्त होगा। इसके बाद पुरुष और महिला वर्ग में एक-एक विजेता के नाम की घोषणा की जाएगी।

अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल नहीं खेलेंगे लुकाकू

ब्रसेल्स। बेल्जियम के लिए अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में रिकॉर्ड 94 गोल दागने वाले दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी रोमेलु लुकाकू ने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर से संन्यास की घोषणा कर दी। पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सर्वकालीन सूची में 33 वर्षीय लुकाकू पांचवें स्थान पर हैं। लुकाकू ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी।

तौहीद ने जड़ा शानदार शतक, रबाडा ने झटके 5 विकेट

बांग्लादेश बनाम दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज : बांग्लादेश ने 6 विकेट पर बनाए 327 रन

एजेंसी ▸▸ जोहानिसबर्ग

तौहीद हृदय की 137 रन की शानदार पारी की मदद से बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वापसी करते हुए 6 विकेट पर 327 रन बनाए। तौहीद ने अपने चौथे टेस्ट में दूसरा शतक जड़ा। उन्होंने 227 गेंद की पारी में 14 चौके और 1 छक्का लगाया। उन्होंने वांडरर्स मैदान पर लिटन दास के साथ छठे विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी करके बांग्लादेश की पारी को संभाला। तौहीद दिन की आखिरी गेंद पर आउट हुए। वह 84वें ओवर में मार्को यानसन की फुलटॉस पर पगबाधा हुए। लिटन 138 गेंद में 12 चौकों की मदद से 92 रन बनाकर खेल रहे हैं।





रबाडा ने टेस्ट में 18वीं बार लिए 5 विकेट

तौहीद और लिटन ने दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा के 6 ओवर के तूफानी स्पेल में 16 रन पर 3 विकेट लेने के बाद पारी को संभाला। रबाडा 17 ओवर में 51 रन देकर 5 विकेट चटका चुके हैं। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठवें ओवर में 22 रन तक 3 विकेट गंवाए दिए थे। रबाडा ने दूसरे सत्र की शुरुआत में हसन को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। मुशफिकुर रहीम भी रबाडा की पहली ही गेंद पर तीसरी स्लिप में कैच दे बैठे, जिससे 34.2 ओवर में बांग्लादेश का स्कोर 5 विकेट पर 121 रन हो गया। रबाडा ने टेस्ट क्रिकेट में 18वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाने का कारनामा किया।

टोटल चेस विश्व चैंपियनशिप

खिताबी दौड़ से बाहर एरिगेसी प्रज्ञानानंदा और वैशाली



एजेंसी ▸▸ बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को टोटल चेस विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट टूर्नामेंट के फास्ट क्लासिक ग्रुप चरण के अंतिम मुकाबले में हमवतन आर वैशाली के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह यहां खिताबी नॉकआउट चरण में जगह बनाने से चूक गए।

एरिगेसी ने दिन की शुरुआत ग्रुप डी में मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव और हेन्स नीमन के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर रहते हुए की थी। दिन की पहली बाजी में उन्होंने सफेद मोहरों से खेलते हुए वैशाली को हराकर चैंपियनशिप के नॉकआउट चरण में प्रवेश की अपनी दावेदारी मजबूत की। इस जीत से उन्होंने दो अंक की बढ़त बना ली थी। हालांकि वैशाली ने दूसरे मुकाबले में एरिगेसी को हरा दिया। इस हार के कारण एरिगेसी ग्रुप डी में तीसरे स्थान पर रहे जबकि



वाचियर-लाग्रेव ने खिताबी नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई किया। वैशाली ग्रुप डी में दो जीत, एक ड्रॉ और सात हार के साथ अंतिम स्थान पर रहीं। इस तरह तीनों भारतीय खिलाड़ी एरिगेसी, वैशाली और प्रज्ञानानंदा खिताब की दौड़ से बाहर हो गए हैं। अब वे क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए मुकाबले खेलेंगे। प्रज्ञानानंदा ने ग्रुप बी में वियतनाम के ग्रैंडमास्टर लीम ले के खिलाफ दोनों मुकाबले ड्रॉ खेले और अंतिम स्थान पर रहे।

कुश्ती

फ्रीस्टाइल कुश्ती पर 17 वर्षीय तानिया की नजरें



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

युवा ओलंपिक खेलों में भारत की पहली महिला 'बीच कुश्ती' पदक विजेता बनने के बाद तानिया की नजरें अब और बड़ी उपलब्धियां हासिल करने पर हैं लेकिन उनका इस खेल को आगे जारी रखने का इरादा नहीं है। वह बड़े अंतरराष्ट्रीय सम्मान हासिल करने के लिए पारंपरिक फ्रीस्टाइल कुश्ती में लौटना चाहती हैं।

सत्रह वर्षीय तानिया ने इस महीने की शुरुआत में सेनेगल के डकार में महिला 75 किग्रा बीच कुश्ती स्पर्धा में रजत पदक जीता था। उन्हें रोमांचक फाइनल में चीन की झाओ मिन के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। खिताबी मुकाबले से पहले तानिया ने अपने सभी चार मुकाबले जीते थे। तानिया ने कहा, 'मुझे बहुत गर्व है कि मैंने बीच कुश्ती में भारत का पहला रजत पदक जीता। बीच पर यह मेरा पहला मुकाबला था इसलिए थोड़ी मुश्किल हुई क्योंकि हमारे सामान्य मुकाबले मैट पर होते हैं। मैट कुश्ती और बीच कुश्ती के नियम काफी अलग हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। चीन की खिलाड़ी के खिलाफ मेरा फाइनल मुकाबला काफी करीबी था। मैं 1-2 से हार गई। भविष्य में देश के लिए और बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगी।'

विजय मर्चेंट ट्रॉफी : हरियाणा अंडर-16 टीम ने चंडीगढ़ को एक पारी और 147 रनों से रौंदा

रोहतक

- अश्विन लोहान ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 20 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 174 रनों की शानदार पारी खेली

विजय मर्चेंट ट्रॉफी एलीट ग्रुप मुकाबले में हरियाणा अंडर-16 क्रिकेट टीम ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए चंडीगढ़ अंडर-16 टीम को एक पारी और 147 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त दी। 14 से 16 नवंबर तक खेले गए इस तीन दिवसीय मुकाबले में हरियाणा के खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अपना दबदबा कायम रखा। पहले बल्लेबाजी करते हुए हरियाणा अंडर-16 टीम ने 114.3 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 514 रन बनाकर अपनी पहली पारी घोषित की। हरियाणा की इस विशाल पारी के मुख्य सूत्रधार विकेटकीपर बल्लेबाज अश्विन लोहान और आदर्श मलिक रहे। अश्विन लोहान ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 218 गेंदों में 20 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 174 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं, आदर्श मलिक ने 121 गेंदों पर 8 चौकों और 4 छक्कों के साथ नाबाद 104 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज विराट त्यागी अपने शतक से महज पांच रन दूर रह गए और 95 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा विराट बालियान ने 45 और योवेश कश्यप ने 37 रनों का योगदान दिया। चंडीगढ़ की ओर से तेजसप्रीत सिंह ने 3 और कान्हा राठौर ने 2 विकेट लिए। 514 रनों के पहाड़ जैसे लक्ष्य के जवाब में उतरी चंडीगढ़ की टीम पहली पारी में 68.2 ओवर में महज 202 रन पर सिमट गई। चंडीगढ़ के कप्तान वेदांश ने सर्वाधिक 84 रन बनाए। हरियाणा के कप्तान यशवर्धन राठी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 10.2 ओवर में मात्र 11 रन देकर 6 विकेट झटके और आदर्श मलिक ने दो विकेट लिए। फॉलोऑन खेलने उतरी चंडीगढ़ की दूसरी पारी भी लड़खड़ा गई और पूरी टीम 48.5 ओवर में 165 रन पर ऑलआउट हो गई। दूसरी पारी में भी वेदांश कलखंडे ने 65 रनों का संघर्ष किया।

नेशंस लीग : रोमांचक मैच में इंग्लैंड ने 3-2 से दर्ज की शानदार जीत

इंग्लैंड ने किया उलटफेर, स्पेन का 43 मैचों का अजेय अभियान समाप्त

एजेंसी ▸▸ लंदन

इंग्लैंड ने नेशंस लीग फुटबॉल मुकाबले में विश्व चैंपियन स्पेन को 3-2 से हराकर उसका लगातार 43 मैच से चला आ रहा अजेय अभियान समाप्त कर दिया। हैरी केन ने एक बार फिर गोल दागा जबकि 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद इंग्लैंड ने जीत हासिल की।

केन ने मध्यांतर से ठीक पहले पेनल्टी पर गोल करके इंग्लैंड के लिए रिकॉर्ड 93वां गोल दागा। थॉमस ट्यूशेल की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम ग्रुप ए3 में शीर्ष पर है। दोनों टीम इस मुकाबले से पहले ही क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुकी थीं।

केन ने इंग्लैंड के लिए दागा रिकॉर्ड 93वां गोल



फ्रांस ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

ग्रुप ए1 में फ्रांस ने तुर्किये को घरेलू मैदान पर 2-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि बेल्जियम ने इटली को 4-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। अल्बानिया ने लीग सी में बेलारूस को उसके घरेलू मैदान पर 2-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया और लीग बी में जगह पक्की की। निकोला क्रस्टोविच ने पहले ही बेहतर लीग में जगह बना चुके मोंटेनेग्रो की साइप्रस पर 4-1 की जीत में दो गोल किए। साइप्रस को अब प्लेऑफ में खेलना होगा। फिनलैंड ने सैन मैरिनो को 7-2 से करारी शिकस्त दी। एड्रियन स्वानबैक ने इस मुकाबले में हैट्रिक लगाई।

अंतिम दिन घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने किया छठ महापर्व का समापन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूरे देश में छठ पूजा का चार दिवसीय पर्व सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान पूरे देश में लाखों श्रद्धालुओं ने नदियों के घाटों, तालाबों और अन्य जलाशयों में सूर्य को अर्घ्य देकर पूजा-अर्चना की। कई महिलाएं समेत श्रद्धालु सुबह तड़के ही विभिन्न घाटों पर पहुंच गए और पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठी मइया की पूजा की गई और फिर व्रतियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत का पारण किया। इसी के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न हो गया।

कई व्रती महिलाओं समेत श्रद्धालु सुबह तड़के ही विभिन्न घाटों पर पहुंच गए और पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद छठी मइया की पूजा की गई और फिर व्रतियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत का पारण किया



बिहार की राजधानी पटना में गंगा नदी किनारे अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

पीएम मोदी ने दी बधाई

पीएम नरेंद्र मोदी ने छठ महापर्व के अंतिम दिन देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छठ पर्व को दृढ़ संकल्प और आध्यात्मिक साधना का अद्भुत संगम बताया। पीएम ने कहा कि उदीयमान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करने के साथ आज महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस उत्सव में दृढ़ संकल्प और आध्यात्मिक साधना देखने को मिली।


केरलम के कोच्चि में अर्घ्य देती हुईं महिलाएं व श्रद्धालु

अंडमान में छठ पर अवकाश घोषित

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में श्रद्धालु उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए कॉर्बिन्स कोव बीच पर एकत्र हुए। उपराज्यपाल दिनेश शर्मा ने छठ पूजा के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को देखते हुए पहली बार सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। उगते सूर्य को अर्घ्य देने की रस्म 'उषा अर्घ्य' श्री विजय पुरम (पहले पोर्ट ब्लेयर) में सुबह पांच बजकर 16 मिनट पर निभाई गई।

नितिन नवीन ने आवास पर की पूजा


भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी पटना स्थित अपने आवास पर छठ पूजा में हिस्सा लिया। उन्होंने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और देशभर के लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छठ पर्व अनुशासन, पवित्रता और स्वच्छता के मूल्यों का प्रतीक है। बिहार के सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि उन्होंने बिहार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी पटना में छठी मइया की पूजा अर्चना की।

पश्चिम बंगाल में छठ पूजा संपन्न

कोलकाता, बैरकपुर, हावड़ा, आसनसोल, दुर्गापुर और सिलीगुड़ी समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिंदी भाषी आबादी वाले इलाकों में छठ पूजा धार्मिक उत्साह के साथ मनाई गई। राज्य के मंत्री इंद्रनील खान ने सुबह से ही कोलकाता में हुगली नदी के किनारे स्थित घाटों का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

खबर संक्षेप

कुए की मिट्टी गिरने से 4 मजदूरों की मौत

सोलापुर। महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के एक गांव में कुएं की खुदाई के दौरान मिट्टी और चट्टानों का मलबा गिरने से चार मजदूरों की मौत हो गई। सोलापुर के जिलाधिकारी एस. कार्तिकेयन ने बताया कि यह घटना रविवार सुबह करीब 10 बजे पंढरपुर तालुका के आंबे गांव में हुई। वहां एक खेत में जेसीबी मशीन की मदद से 50 फुट गहरा कुआं खोदा जा रहा था।



शिमला में कार खाई में गिरी, 3 की मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले में सोमवार सुबह एक कार के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हादसा रामपुर उपमंडल में रामपुर-गौरा संपर्क मार्ग पर सुबह लगभग तीन बजे हुआ। चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद कार 700-800 फुट गहरी खाई में जा गिरी।



कर्नाटक सीएम ने आवास का नाम 'गंगा' रखा

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने यहां कुमार कृपा अतिथि गृह के पुराने भवन का नाम बदलकर 'गंगा' रखने के साथ ही इसे सीएम डीके शिवकुमार का आधिकारिक आवास घोषित कर दिया। यह फैसला अतिथि गृह के पुराने भवन का नवीनीकरण किए जाने के बाद लिया गया। इस परिसर का इस्तेमाल सीएम से मिलने आने वाले लोगों के स्वागत और शिकायतें सुनने के लिए होगा।



25 लाख की रिश्वत मामले में 2 अधिकारी गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शाहजहांपुर के एक मेडिकल स्टोर संचालक को मादक पदार्थों के एक मामले में नहीं फंसाने के एवज में 25 लाख रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के दो उपनिरीक्षकों को गिरफ्तार किया है। ब्यूरो की दिल्ली क्षेत्रीय इकाई में तैनात उपनिरीक्षक अजीत सिंह मीणा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।



टक्कर से मोटरसाइकिल सवार 3 लोगों की मौत

बहराइच। यूपी के बहराइच जिले में बहराइच-नानपारा राजमार्ग पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक व्यक्ति और उसका भांजा भी शामिल हैं। रिसिया जमाल गांव के निवासी रामू (25), उनका भांजा मुकेश (22) और रामकिशोर (28) बस अड्डे जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गए।



कांग्रेस से भाजपा में गए कैप्टन अमरिंदर सिंह की मौजूदगी ने चौंकाया

सोनिया गांधी की आत्मकथा 'बिलॉन्गिंग' का भव्य विमोचन, इंडिया गठबंधन के दिग्गजों का जमावड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की अंग्रेजी में लिखी गई आत्मकथा 'Belonging: A Journey of Love' का आईटीसी मौर्य होटल में औपचारिक विमोचन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत देश की राजनीति के कई प्रमुख चेहरे मौजूद रहे। पंजाब चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस से भाजपा में गए कैप्टन अमरिंदर सिंह का सोनिया गांधी की बुक लॉन्च कार्यक्रम में शिरकत करना बड़े इशारा कर गया।

समारोह में इंडिया गठबंधन के नेताओं की बड़ी मौजूदगी ने इसे एक महत्वपूर्ण राजनीतिक आयोजन का रूप दे दिया। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला और तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी सहित कई विपक्षी नेता शामिल हुए।

सोनिया गांधी ने इस अवसर पर अपनी आत्मकथा लिखने की वजह बताते हुए कहा कि उनके परिवार के बारे में लंबे समय से ऐसी कहानियां और बातें कही जाती रही हैं, जिनका वास्तविकता से कोई संबंध नहीं है। उनकी सास इंदिरा गांधी, पति राजीव गांधी, बेटे राहुल गांधी, बेटी प्रियंका गांधी और स्वयं उनके बारे में अनेक ऐसी बातें प्रचारित की गईं, जो उनके वास्तविक जीवन और अनुभवों से मेल नहीं खातीं। इसी कारण उन्होंने अपने अनुभवों और परिवार के जीवन का पक्ष स्वयं सामने रखने का निर्णय लिया।

सोनिया गांधी ने कहा कि उनके परिवार के बारे में कही जा रही बहुत-सी बातें अवास्तविक हैं और वास्तविक जीवन से उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पाठक उनके अनुभवों और उनके नजरिये को भी समझने का प्रयास करेंगे।



'बिलॉन्गिंग' का अर्थ और सोनिया का भारत से जुड़ाव

समारोह में पुस्तक के शीर्षक की व्याख्या करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि 'Belonging' का अर्थ है किसी जगह से अपना जुड़ाव महसूस करना और यह अनुभव होना कि आप वहां के हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में भारत में एक बाहरी व्यक्ति होने के कारण उन्हें लगता था कि लोग उन्हें स्वीकार नहीं कर रहे हैं और उन पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें पहली बार अपनेपन का एहसास उस समय हुआ, जब वह अपने पति राजीव गांधी के निर्वाचन क्षेत्र में गईं और वहां के लोगों ने उन्हें स्वीकार किया। इसके बाद 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत के समय भी उन्होंने भारत में अपनेपन का गहरा अनुभव किया।

इंदिरा गांधी से प्रभावित थीं, लेकिन उनसे डरती भी थीं

सोनिया गांधी ने अपनी सास और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के साथ अपने रिश्तों का जिक्र करते हुए कहा कि वह उनसे काफी प्रभावित थीं। उनके व्यक्तित्व से वह प्रभावित होने के साथ-साथ उनसे डरती भी थीं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने उन्हें अनुशासन, समय की पाबंदी, साहस और दृढ़ संकल्प जैसे महत्वपूर्ण गुण सिखाए। सोनिया ने बताया कि वह शुरू में नहीं चाहती थीं कि राजीव गांधी राजनीति में आएं। उन्हें डर था कि राजनीति में आने के बाद उनका पारिवारिक जीवन प्रभावित होगा और वह राजीव को खो देंगी, क्योंकि राजनीति में व्यक्ति काफी व्यस्त हो जाता है। उन्होंने राजीव गांधी के प्रधानमंत्री बनने के बाद परिवार की जिंदगी में आए बदलावों का भी उल्लेख किया। उनके मुताबिक, सुरक्षा कारणों से राहुल और प्रियंका को घर से बाहर निकलने तक की आजादी नहीं थी। राजीव गांधी की हत्या के बाद के दौर को याद करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि वह पूरी तरह टूट गई थीं। उस कठिन समय में राहुल और प्रियंका ने उन्हें संभाला। उन्होंने भावुक होकर कहा कि राजीव के निधन के बाद वह खुद बच्चों जैसी हो गई थीं और राहुल तथा प्रियंका ने माता-पिता की भूमिका निभाई।

544 पन्नों में निजी जीवन से लेकर राजनीति तक का सफर

हार्परकॉलिन्स इंडिया द्वारा प्रकाशित 544 पन्नों की इस आत्मकथा में सोनिया गांधी ने इटली में अपने बचपन से लेकर राजीव गांधी से मुलाकात, विवाह, नेहरू-गांधी परिवार में प्रवेश और भारतीय राजनीति में अपनी भूमिका तक के सफर को दर्ज किया है। पुस्तक में इंदिरा गांधी की हत्या, राजीव गांधी की हत्या, आपातकाल, ऑपरेशन ब्लू स्टार, 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस, 2002 के गुजरात दंगे, शाहबानो प्रकरण और अन्ना हजारे के नेतृत्व में चले भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन जैसे महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी उनके व्यक्तिगत अनुभव शामिल हैं। इसमें 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री पद स्वीकार नहीं करने के उनके फैसले और डॉ. मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाए जाने की परिस्थितियों का भी उल्लेख है। सोनिया ने अपने राजनीतिक जीवन के दौरान कांग्रेस संगठन और यूपीए सरकार के कामकाज से जुड़े अनुभवों को भी साझा किया है। पुस्तक में अपने स्वास्थ्य से जुड़े अनुभवों और कैंसर से संघर्ष का भी जिक्र किया गया है। राहुल गांधी ने कहा, पुस्तक में तीन बार कैंसर से लड़ने की बात कही गई है जबकि मां ने चार बार कैंसर को हराया है।

दो लाख प्रतियां बिकने का दावा

पुस्तक का प्रकाशन हार्परकॉलिन्स इंडिया ने किया है। इसकी बिक्री 10 नवंबर से शुरू हो गई थी, जबकि सोमवार को दिल्ली में इसका औपचारिक विमोचन हुआ। प्रकाशक के मुताबिक, लॉन्च से पहले लगभग एक सप्ताह के भीतर इसकी दो लाख प्रतियां बिक चुकी थीं। सोनिया गांधी ने पाठकों की प्रतिक्रिया पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि वह लोगों के प्यार और स्नेह से अभिभूत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आलोचनाएं जरूरी हैं, हालांकि कुछ समीक्षाएं काफी कटु भी रही हैं।

किताब को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बहस

सोनिया गांधी की आत्मकथा के प्रकाशन के साथ ही राजनीतिक विवाद भी सामने आया है। भाजपा ने पुस्तक में आपातकाल और 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर इतिहास को अपने पक्ष में प्रस्तुत करने का आरोप लगाया है। भाजपा ने इसे गांधी परिवार की छवि सुधारने का प्रयास बताया है। वहीं, कांग्रेस नेताओं ने भाजपा की आलोचना को राजनीतिक प्रतिक्रिया करार दिया है। उनका कहना है कि सोनिया गांधी ने अपनी जिंदगी और परिवार के बारे में अपने अनुभवों को सामने रखा है।

प्रदूषण पर प्रभावी रोक लगे, उद्योगों और श्रमिकों के हितों का भी ख्याल रखे हरियाणा सरकार : सैलजा

151 औद्योगिक इकाइयों को बंद करने के आदेशों पर कहा: निष्पक्ष कार्रवाई, तकनीकी सहायता और पारदर्शी निगरानी से निकले स्थायी समाधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा में प्रदूषण नियंत्रण मानकों के उल्लंघन को लेकर 151 औद्योगिक इकाइयों को बंद करने के आदेशों संबंधी समाचार पर चिंता व्यक्त की है। सांसद ने कहा कि स्वच्छ हवा नागरिकों की बुनियादी जरूरत है। साथ ही, औद्योगिक गतिविधियों से जुड़े श्रमिकों की आजीविका और नियमों का पालन करने वाले उद्यमियों के हितों की सुरक्षा भी सरकार की जिम्मेदारी है। सैलजा ने कहा कि रिपोर्ट में प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों, ऑनलाइन निगरानी तथा आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने में कमियों का उल्लेख है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि किन इकाइयों में वास्तविक उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन मिला और कहां दस्तावेजी अथवा तकनीकी कमियां रहीं। कार्रवाई प्रत्येक इकाई की जांच और उल्लंघन की गंभीरता के आधार पर होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि गंभीर प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर प्रभावी कार्रवाई आवश्यक है। जहां कमियां निर्धारित अवधि में दूर की जा सकती हैं, वहां लागू नियमों के अनुरूप सुधार का अवसर और तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। छोटे एवं मझोले उद्योगों को स्वच्छ तकनीक अपनाने, उपकरण



स्थापित करने और निगरानी व्यवस्था सुधारने में सहायता दी जानी चाहिए। सैलजा ने कहा कि औद्योगिक इकाइयां बंद होने का सीधा असर श्रमिकों, परिवहन सेवाओं और छोटे कारोबारियों पर पड़ता है। प्रशासन प्रभावित श्रमिकों की स्थिति का आकलन करे तथा उनके वेतन और रोजगार संबंधी हितों की सुरक्षा के लिए संबंधित पक्षों से संवाद स्थापित करे।

उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण की जिम्मेदारी केवल उद्योगों या किसानों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। सड़क की धूल, खुले में कचरा जलाने, निर्माण गतिविधियों और वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर भी समान गंभीरता से काम किया जाए। कुमारी सैलजा ने मांग की कि सरकार संबंधित विभागों, उद्योग प्रतिनिधियों और श्रमिक संगठनों के साथ समन्वय बनाकर स्थायी कार्ययोजना तैयार करे। निरीक्षण, कार्रवाई और सुधार की जानकारी सार्वजनिक की जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ रोजगार और औद्योगिक विकास भी सुरक्षित रह सके।

तमिलनाडु में 600 केस वापस लिए

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने मई 2021 से अप्रैल 2026 के बीच शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले 92 हजार से अधिक किसानों और शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने इनके खिलाफ दर्ज 600 मामलों को वापस लेने के आदेश जारी कर दिए हैं। गृह, निषेध और आबकारी विभाग ने यह जानकारी दी। यह फैसला तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय की ओर से 2 सितंबर को विधानसभा में नियम 110 के तहत घोषणा के बाद आया है। उन्होंने कहा था कि पिछली सरकारों के कार्यकाल में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले किसानों और शिक्षकों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लिया जाएगा।

बंगाल में रतन शेख की मौत पर विवाद तेज

भाजपा ने कहा- अपराधियों को बख्शेंगे नहीं, कार्रवाई जारी रहेगी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में पुलिस मुठभेड़ में रतन शेख की मौत के बाद राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। रतन शेख एक पुलिस कांस्टेबल पर गोली चलाने का मुख्य आरोपी था। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने पुलिस की कार्रवाई को सही ठहराया है, जबकि विपक्षी दलों ने मुठभेड़ की परिस्थितियों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि अपराधियों को सजा देने का अधिकार अदालतों के पास होना चाहिए। सोमवार को बीरभूम के पुलिस अधीक्षक ने दोहराया कि पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में रतन शेख के दो सहयोगियों रमेश लोहार और नूर हुसैन शेख को भी गिरफ्तार किया गया है। रतन शेख के खिलाफ 36 मामले दर्ज थे, जबकि उसके सहयोगी रमेश लोहार के खिलाफ 17 से 18 मामले दर्ज थे। इनमें लूटपाट और अवैध हथियारों से जुड़े मामले शामिल हैं।


सीएम सुवेंदु

21 करोड़ कीमत का घोड़ा 'गोल्डन किंग'



अजमेर। गुजरात के सूरत से पहुंचा मारवाड़ी नस्ल का घोड़ा गोल्डन किंग मेले के सबसे चर्चित आकर्षणों में शामिल है। इसके मालिक के मुताबिक इसकी कीमत 21 करोड़ रुपए है। पांच साल के इस घोड़े का रंग क्रिमिनो है। मालिक का दावा है कि देश में इस रंग का मारवाड़ी नस्ल का यह इकलौता घोड़ा है। इसकी ऊंचाई 65 इंच है। अब तक इससे छह बच्चे हो चुके हैं। इसकी ब्रीडिंग फीस करीब डेढ़ लाख रुपए ली जाती है। मालिक इसे खरीद-बिक्री के लिए नहीं, बल्कि सिर्फ पुष्कर मेले में दिखाने के लिए लाए हैं। मेले में 800 किलो वजन का भैंसा 'छोटा सुल्तान' भी लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। दुनिया की सबसे छोटी नस्ल की गायों से लेकर यूरोप की शेटलैंड पोनी तक इस बार पुष्कर मेले में पशुओं की अनोखी दुनिया देखने को मिल रही है। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी की पसंदीदा पुंगनूर गाय आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

बिलकिस बानो केस के 2 दोषियों की उम्रकैद निलंबित

सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दी, कहा- दोनों 17 साल से ज्यादा जेल में बिता चुके

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो गैंगरेप और हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे दो दोषियों को जमानत दे दी है। कोर्ट ने उनकी सजा पर निलंबित करते हुए कहा कि दोनों 17 साल से ज्यादा समय जेल में बिता चुके हैं। इनमें से एक दोषी गंभीर रूप से दिव्यांग है। कोर्ट ने दोनों को ट्रायल कोर्ट की ओर से तय शर्तों पर रिहा करने का आदेश दिया।

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बेंच ने दोनों दोषियों बिपिनचंद्र जोशी और प्रदीप मोधिंया की याचिकाओं पर सुनवाई की। दोषियों ने बॉम्बे हाईकोर्ट के 2017 के फैसले को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने दोनों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी थी।

सुनवाई के दौरान दोषियों के वकील सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि दोनों 17 साल से ज्यादा समय जेल में बिता चुके हैं। एक दोषी का नाम FIR में नहीं था और घटना के करीब 3 साल बाद उसे इस मामले में आरोपी बनाया गया था। उन्होंने कोर्ट को यह भी बताया कि एक दोषी गंभीर रूप से दिव्यांग है। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल राजा ठाकरे ने जमानत की मांग का विरोध किया। उन्होंने कहा कि निचली अदालत और हाईकोर्ट दोनों मामले से जुड़े सबूतों पर विचार कर चुके हैं। अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोषियों को राहत नहीं मिलनी चाहिए।

आरएसएस संगीत बैंड शिविर के समापन पर डॉ. भागवत बोले

अलगाववाद से भारत को बांटने की साजिश, एकजुट रहने की अपील

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि भारत को बांटने और लोगों में संघर्ष पैदा करने के प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने अलगाववाद को बढ़ावा देने और छोटी पहचानों को बड़ा करने के प्रयासों पर चिंता जताई। भागवत ने ऐसे प्रयासों का मुकाबला करने के लिए एकता का आह्वान किया। भागवत रविवार को जोधपुर के शिकारपुरा स्थित श्री राजाराम आश्रम में थे। वह चार दिवसीय आरएसएस संगीत बैंड शिविर 'मरु निनाद 2026' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत

भारत का उदय विश्व कल्याण के लिए अहम

उन्होंने कहा कि भारत का उदय विश्व कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। कुछ ताकतें नहीं चाहतीं कि देश मजबूत बने। भागवत ने आरोप लगाया कि भारतीय समाज में विभाजन पैदा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को आपस में लड़ाने और संघर्ष पैदा करने की कोशिशें हो रही हैं। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जो अंग्रेजों ने किया, वही अब 'शैतानी ताकतों' की राजनीति के माध्यम से दोहराया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपनी साझा पहचान याद रखने और एकजुट रहने का आग्रह किया। भागवत ने कहा कि हमें संगठित रहना होगा ताकि हमारी शक्ति बनी रहे और धर्म की रक्षा हो।

वर्तमान स्थिति नाजुक

भागवत ने वर्तमान स्थिति को नाजुक बताया और लोगों से एक साथ खड़े होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एक मजबूत भारत का अर्थ पूरे विश्व का कल्याण होगा। [illegible]रतीयों ने हमेशा बाहरी हमलों का विरोध करने के लिए एक जुटता दिखाई है। आक्रमणकारियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा को नष्ट कर अपनी शिक्षा प्रणाली थोप दी।

सोशल मीडिया की लत पर चेतावनी

आरएसएस प्रमुख ने विभिन्न प्रकार की लत के प्रति भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि यह केवल नशीले पदार्थों तक सीमित नहीं है, बल्कि इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसी लत भी है। उन्होंने कहा कि संगीत मनोरंजन के साथ-साथ साहस और आत्म-सम्मान को प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण है। संगठन के संगीतकार पेशेवर नहीं हैं, बल्कि उनके प्रदर्शन भारतीय मूल्यों, अनुशासन और सामूहिक प्रयास का प्रतिनिधित्व करते हैं।

एमपी के 16 शहरों में पारा 15°C से नीचे: उत्तरप्रदेश के 10 शहरों में AQI 200 पार

नई दिल्ली। यूपी में पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं से ठंड बढ़ गई है। सोमवार को 21 शहरों में घना कोहरा छाया रहा। इधर, नोएडा-गाजियाबाद समेत 30 से ज्यादा शहरों की हवा दूषित हो गई है। 10 शहरों का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स (AQI) 200 के पार रिकॉर्ड किया गया। मध्य प्रदेश में सर्दी का असर बढ़ गया है। रात और सुबह के समय तेज ठंड पड़ रही है। सोमवार को इंदौर, जबलपुर, उज्जैन समेत 16 शहरों में पारा 15 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। राजस्थान में दो दिन हुई बारिश ने दिन में सर्दी बढ़ा दी है। सोमवार को बीकानेर, जयपुर संभाग के कई जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे रहा।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in